
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



निगेटिव किरदार में नजर अएंगे रितेश....

वरूण करेंगे एटली की फिल्म में काम ....

वर्ष : 10 | अंक : 38 | लखनऊ, 17 जनवरी, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 17.c

न्यूनतम तापमान 8.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

संसेक्स 71,657.71

निफटी 21,618.70

# आजकल पूरा देश राममय, रामराज्य में जनता ही राजा - पीएम मोदी

## प्रभु राम का जीवन विस्तार, उनकी प्रेरणा और आस्था भक्ति के दायरे से कहीं ज्यादा है -पीएम मोदी



> राम मंदिर उद्घाटन को लेकर जारी तैयारियों के बीच पीएम मोदी ने मंगलवार (16 जनवरी) को आंध्र प्रदेश में कहा कि रामराज्य 4 स्तंभों पर खड़ा था।

अमन लेखनी समाचार

आंध्र प्रदेश , राम मंदिर उद्घाटन को लेकर जारी तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (16 जनवरी) को आंध्र प्रदेश में कहा कि आजकल पूरा देश राममय है। महात्मा गांधी भी रामराज्य की बात करते थे। पीएम मोदी ने कहा, "रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से 11 दिन पूर्व मेरा व्रत चल रहा है। आजकल पूरा देश राममय है। प्रभु राम का जीवन विस्तार, उनकी प्रेरणा और आस्था भक्ति के दायरे से कहीं ज्यादा है। प्रभु राम समाज जीवन में सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो आपके संस्थान के लिए भी बहुत बड़ी प्रेरणा बन सकते हैं।" उन्होंने राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी का उद्घाटन करने के बाद कहा, "भगवान राम भरत से कहते हैं कि मुझे विश्वास है तुम कामों को बिना समय गंवाए पूरा करते हो जिसमें लागत कम है। पिछले कई सालों में हमारे सरकार ने लागत पर ध्यान दिया है।"

### रामराज्य पर क्या कहा?

पीएम मोदी ने कहा कि रामराज्य सुशासन 4 स्तंभों पर खड़ा था। ये चार स्तंभ- जहां सम्मान से बिना भय के हर कोई सिर ऊंचा कर चल सके, जहां हर नागरिक के साथ समान व्यवहार हो, जहां कमजोर की सुरक्षा हो और जहां धर्म यानी कर्तव्य सर्वोपरि हो। जनता ही राजा है। सरकार जनता की सेवा करती है।


### पीएम मोदी ने क्या कहा?

पीएम मोदी ने कहा, "हमने में देश को एक नई आधुनिकता दी। 7 लाख तक हमने टैक्स पर छूट दी। इससे करीब ढाई लाख करोड़ की टैक्स की बचत की गई है।

# देशभर में मंदिर मंदिर चल रहा सफाई अभियान

## राजनाथ सिंह ने लखनऊ, अनुराग ठाकुर ने दिल्ली के हनुमान मंदिर में की सफाई

> केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने स्वच्छता अभियान के तहत दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर की सफाई की। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पूरा देश राममय हो गया है और 22 जनवरी को देशभर में दीवाली मनाई जायेगी।




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से मंदिरों और धार्मिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाने के आह्वान को शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। लगातार केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यों के मंत्री तो मंदिरों में जाकर सफाई अभियान चला ही रहे हैं साथ ही आम लोग भी प्रधानमंत्री के आह्वान से प्रेरित होकर अपने आसपास के मंदिरों में सफाई अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार सुबह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। राजनाथ सिंह हनुमान सेतु मंदिर के नाम से जाने जाने वाले मंदिर में सुबह पहुंचे और उन्होंने झाड़ू से फर्श साफ किया एवं फर्श पर गिरे फूल उठाएं। उन्होंने हनुमान मंदिर में पूजा भी की। बाद में उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाना देशवासियों के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि इस समारोह में न केवल देश बल्कि पूरी दुनियाभर से लोग भाग लेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने स्वच्छता अभियान के तहत दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर की सफाई की। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पूरा देश राममय हो गया है और 22 जनवरी को देशभर में दीवाली मनाई जायेगी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराने वाली कांग्रेस पर भी अनुराग ठाकुर ने जोरदार निशाना साधा। वहीं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई स्थित मुंबा देवी मंदिर में सफाई अभियान में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत के बयान पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर कहा कि मेरा यह फलसफा है कि मैं मूर्खों को जवाब नहीं देता लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूं कि वे हिंदुओं का अपमान करना बंद करें। उन्होंने कहा कि आपका राम जन्मभूमि के आंदोलन में कोई योगदान नहीं है। उद्धव ठाकरे जी की सेना इस प्रकार से बातें करके करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रही है जोकि गलत है।

## संक्षिप्त समाचार

### अयोध्या राम मंदिर व्हाट्सएप घोटाला

**मुफ्त वीआईपी एंट्री के नाम पर हो रहा साइबर स्कैम, व्हाट्सएप पर आ रहा भ्रमित करने वाला मैसेज**

अयोध्या। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए तैयारियां जोर-शोर से जारी है। राम मंदिर निर्माण के बाद एक तरफ राम भक्त दर्शन के लिए बेहद उत्सुक है। वहीं दूसरी तरफ धोखेबाजों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सेंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। फ्रॉड करने वाले लोग भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिए लाभ उठाने की फिराक में जुट गए हैं। इसका ताजा उदाहरण व्हाट्सएप पर देखने को मिला है जहां लोगों को अनजान नंबर से रामलला के वीआईपी दर्शन कराने के लिए मैसेज भेजे जा रहे हैं। गौरतलब है कि 22 जनवरी का दिन देशवासियों के लिए बेहद है होने वाला है। अभी तक देशवासी 22 जनवरी को अयोध्या जाकर वीआईपी दर्शन करना चाहते हैं। इसी बीच इस स्कैमर्स ने इस मौके का फायदा उठाते हुए काम करना शुरू कर दिया है। राम जन्मभूमि ग्रह संपर्क अभियान के तहत एक मैसेज भेजा जा रहा है जो कि .एपीके फाइल के जरिए भेजा जा रहा है। इस लिंक पर क्लिक करने से व्यक्ति स्कैम के झांसे में फंस सकता है इसलिए इस लिंक पर क्लिक न करें। लिंक पर क्लिक करने से स्कैमर फोन हैक कर सकते है। यहां तक की बैंक अकाउंट भी खाली हो सकता है। इसके अलावा एक और मैसेज आ रहा है जिसमें इंस्टॉल राम जन्मभूमि ग्रह संपर्क अभियान टू गेट वीआईपी एक्सेस लिखा आएगा। ये मेसेज भी एक स्कैम का ही हिस्सा है। एक तीसरा मैसेज भी भेजा जा रहा है जिसमें लिखा गया है कि बधाई हो आप लकी हैं, आपको 22 जनवरी के लिए राम मंदिर में दर्शन के लिए वीआईपी एक्सेस मिल रहा है। स्कैम करने वालों ने लोगों को निशाना बनाने के लिए तीन तरह के मैसेज शेयर किए है। इस तरह के मैसेज रोजाना लाखों लोगों के पास आ रहे हैं और सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से शेयर हो रहे है।

# दिल्ली आबकारी नीति मामले में बीआरएस नेता कविता ईडी के समक्ष पेश नहीं हुई

अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के. कविता दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में नये सिरे से पूछताछ के लिए मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुईं। माना जा रहा है कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता (45) ने एक ईमेल के माध्यम से जांच अधिकारी को ईडी के समन का पालन नहीं करने के अपने फैसले से अवगत करा दिया था। उनके वकील नितेश राणा ने सोमवार को ह्यपीटीआई-भाषाह्ल को बताया कि उच्चतम न्यायालय का एक आदेश है जिसमें कहा गया है कि ईडी इस मामले में कविता को तलब नहीं कर सकती है।

हालांकि, ईडी के सूत्रों ने कहा है कि बीआरएस नेता को पिछले साल शीर्ष अदालत से अस्थायी राहत मिली थी और यह अब मान्य नहीं है और संघीय एजेंसी उन्हें नया समन जारी कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि ईडी जल्द ही इस संदर्भ में फैसला लेगी। इस मामले के संबंध में कविता से पिछले साल तीन बार पूछताछ की गई थी और ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया था।

# सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: नितिन गड़करी

> *केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.68 लाख लोगों की मौत हुई और चार लाख लोग गंभीर रूप से घायल हुए। उन्होंने कहा कि प्रति घंटा 53 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 19 लोगों की मौत होती है।*

एजेंसी



नयी दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का आंकड़ा आधा करने का लक्ष्य तय किया है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के 4ई - इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन इंजीनियरिंग), एन्फोर्समेंट (प्रवर्तन), एजुकेशन (शिक्षा) और एमरजेंसी मेडिकल सर्विस (आपातकालीन चिकित्सा सेवा) को मजबूत करने पर ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार में बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी संबंधित लोगों से सहयोग पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.68 लाख लोगों की मौत हुई और चार लाख लोग गंभीर रूप से घायल हुए। उन्होंने कहा कि प्रति घंटा 53 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 19 लोगों की मौत होती है। गडकरी ने कहा कि 2022 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 12 प्रतिशत और दुर्घटना से होने वाली मौतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 3.14 प्रतिशत का नुकसान हुआ।

मंत्री ने कहा कि 60 प्रतिशत मौतें 18-35 वर्ष की आयु वर्ग में हुईं। उन्होंने कहा कि नागरिकों के बीच अच्छे यातायात व्यवहार के लिए पुरस्कार की व्यवस्था से नागपुर में सकारात्मक परिणाम मिले हैं।

**नियम** | राजीव चंद्रशेखर ने कहा- एक हफ्ते में जारी होंगे संशोधित आईटी नियम

# डीपफेक पर नकेल कसने की तैयारी

अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि डीपफेक पर सलाह के अनुपालन को प्लेटफार्मों से ₹मिश्रित₹ किया गया है, और कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए अगले 7 दिनों में सख्त आईटी नियमों को अधिसूचित किए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा, सरकार ने पहले ही सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों को स्पष्ट कर दिया था कि यदि डीपफेक पर उसकी सलाह का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया, तो नए आईटी नियमों का पालन किया जाएगा। अपने बयान में उन्होंने कहा कि हमने सभी मध्यस्थों के साथ डिजिटल इंडिया संवाद के दो दौर आयोजित किए हैं। हमने उनका ध्यान मौजूदा नियमों की ओर खींचा है। हमने उनका ध्यान गैर-अनुपालन के परिणामों की ओर आकर्षित किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमने एक एडवाइजरी जारी की है और हमने यह भी कहा है कि यदि हम अनुपालन से संतुष्ट नहीं हैं, तो हम नए संशोधित नियमों को अधिसूचित करेंगे जो विशेष रूप से गलत सूचना और डीपफेक के मुद्दे पर अधिक विशिष्ट हैं। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि नवप्रवर्तन के प्रत्येक लाभ के साथ चुनौतियाँ और हानियाँ भी हैं। हमारी नीतियाँ, हमारे नियम और हमारा दृष्टिकोण खुले, सुरक्षित और जवाबदेह इंटरनेट का है। यह हमारा कर्तव्य है कि प्रत्येक भारतीय को इंटरनेट पर सुरक्षा और विश्वास का अनुभव हो... हम इसके लिए नियम और कानून बनाएंगे... डीपफेक मुद्दे पर, हमने एक एडवाइजरी अधिसूचित की है। हम आने वाले समय में नए आईटी नियम भी अधिसूचित करेंगे।

> *अपने बयान में उन्होंने कहा कि हमने सभी मध्यस्थों के साथ डिजिटल इंडिया संवाद के दो दौर आयोजित किए हैं। हमने उनका ध्यान मौजूदा नियमों की ओर खींचा है। हमने उनका ध्यान गैर-अनुपालन के परिणामों की ओर आकर्षित किया है।*

# आंध्र प्रदेश में भाई-बहन के बीच होगा मुकाबला

अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला को मंगलवार को राज्य इकाई का कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया। शर्मिला 4 जनवरी को कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। उन्होंने अपनी वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) के कांग्रेस में विलय की घोषणा की थी। कांग्रेस का यह कदम गिदुगु रुद्र राजू के आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद आया है। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव से पहले शर्मिला ने वोटों के बंटवारे को रोकने के लिए तेलंगाना विधानसभा चुनाव से बाहर होने का विकल्प चुना है, जिससे तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव को फायदा हो सकता था। आंध्र प्रदेश के सीएम और अपने भाई जगन मोहन रेड्डी को वह चुनौती देती नजर आएंगी।

# राम मंदिर कार्यक्रम पर बोले राहुल गांधी

## कांग्रेस का फैसला सही, ये पीएम मोदी और आरएसएस का इवेंट

अमन लेखनी समाचार




नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान नागालैंड की राजधानी कोहिमा में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल गांधी ने इस दौरान सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने पहली बार राम मंदिर पर बात की है। उन्होंने कहा कि आरएसएस और बीजेपी ने 22 जनवरी के समारोह को पूरी तरह से राजनीतिक नरेंद्र मोदी समारोह बना दिया है। यह आरएसएस-बीजेपी का कार्यक्रम है और मुझे लगता है कि इसीलिए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह इस समारोह में नहीं जाएंगे। हम सभी धर्मों, सभी प्रथाओं के लिए खुले हैं। यहां तक कि हिंदू धर्म के सबसे बड़े अधिकारियों ने भी 22 जनवरी के समारोह के बारे में अपनी राय सार्वजनिक कर दी है कि वे 22 जनवरी के समारोह के बारे में क्या सोचते हैं कि यह एक राजनीतिक समारोह है। इसलिए हमारे लिए ऐसे राजनीतिक समारोह में जाना मुश्किल है जो भारत के प्रधान मंत्री के इर्द-गिर्द बनाया गया हो और आरएसएस के इर्द-गिर्द बनाया गया हो। आपको बता दें कि कांग्रेस ने राम मंदिर समारोह के लिए मिले निमंत्रण को ठुकरा दिया है। इसके बाद से भाजपा कांग्रेस पर जमकर निशाना साध रही है। उन्होंने कहा कि यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा है। इसका लक्ष्य सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय और राजनीतिक न्याय जैसे मुद्दों को उठाना है। हमने मणिपुर से शुरूआत की, इसके पीछे एक सोच थी कि मणिपुर के साथ घोर अन्याय हुआ है। पहली बार, भारत के किसी राज्य में महीनों तक हिंसा होती रही और प्रधानमंत्री और भाजपा के लोग वहां देखने तक नहीं गए। फिर हम नागालैंड गए। पीएम ने नागालैंड के लोगों से भी प्रतिबद्धता जताई थी। वह प्रतिबद्धता भी पूरी नहीं हुई। राहुल गांधी ने कहा कि मैं चाहता था कि यह पैदल यात्रा हो। लेकिन वो बहुत लंबा हो गया होगा और ज्यादा समय नहीं था। तो, यह एक मिश्रित यात्रा है। उन्होंने कहा कि मैं कई नागा नेताओं से बात कर रहा हूं और वे इस बात से हैरान हैं कि कोई प्रगति क्यों नहीं हुई। हम इस बारे में भी स्पष्ट नहीं हैं कि समाधान के संदर्भ में प्रधान मंत्री ने क्या कल्पना की है। यह एक सतही दस्तावेज है...यह स्पष्ट नहीं है कि वास्तव में उनका क्या मतलब है...स्पष्ट रूप से, एक समस्या है जिसके समाधान की आवश्यकता है और यह एक ऐसी समस्या है जिसके लिए बातचीत की आवश्यकता होगी, एक-दूसरे को सुनना और समाधान लागू करने पर काम करना होगा।

# राजनीतिक का खेल शिक्षा के साथ नहीं होना चाहिए : राजनाथ

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, स्वावित्तपोषित विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन का आठवां वार्षिक अधिवेशन अटार बिहारी कन्वेंशन सेंटर केजीएमयू परिसर चौक में संपन्न हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सासद माननीय राजनाथ सिंह, लखनऊ महापौर सुषमा खार्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, अवनीश सिंह, पवन सिंह, रामचंद्र प्रधान तथा उमेश द्विवेदी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आनंद ?द्विवेदी ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत माननीय राजनाथ सिंह एवम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। संगठन की स्मारक का भी विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया, शिक्षा क्षेत्र में विगत 35 40 वर्षों से कार्य कर रहे प्रबंधकों का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य रूप से नरदेश्वर ग्रुप आफ कॉलेजेस के संस्थापक प्रोफेसर नरेद्र मणि त्रिपाठी, सेंट जोसेफ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की संस्थापक पुष्प लता अग्रवाल, गिरधारी सिंह इंटर, कुमार इंटर कॉलेज के अध्यक्ष विनोद बिहारी, भारत अकेडमी की संस्थापक सरवन सक्सेना प्रबंधकों का रक्षा मंत्री द्वारा दुशाला, स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मान किया गया।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आनंद अध्यक्ष एवम भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अतिथियों स्वागत करते हुए कहा कि 2014 में चारबाग रविंद्रालय आयोजित कार्यक्रम ने माननीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी ने हमारे एसोसिशन के कार्यक्रम में उपस्थित होकर आशीर्वाद दिया। माननीय रक्षामंत्री हमारे एसोसिशन के अभिवावक है जिन्होंने एसोसिशन की हर संभव मदद करने का काम किया है। लखनऊ के स्वर्णिम विकास का काम किया जिसमे एयरपोर्ट टर्मिनल विस्तार, रेलवे स्टेशन का रेलवे स्टेशन का जीर्णोधार एवं सौंदर्यकरण, विस्तार का काम, आउटर रिंग रोड की सौगात, बाइस फ्लाई ओवर का काम जी अनेक काम करके लखनऊ शहर को गति देने का काम दिया है।

उत्तर प्रदेश बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यायलो को संचालित करने में प्रबंधकों के सामने आ रही कठिनाइयाँ का जिक्र किया तथा संगठन द्वारा विद्यालयों के हित में किये जा रहे कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी ने कहा कि दुनिया में केवल भारतीय एक ऐसा देश है जिसने वसुदेव कुटुंबकम पूरा विश्व परिवार माना है यह केवल भारतीय शिक्षा में ही संभव है। भारत की भारत की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था जो विश्व में देश की आर्थिक दृष्टि से दसवें स्थान से पांचवें पायदान पर है वही आने वाले 2027 तक टॉप 3 देश में अपनी जगह बना लेगा। आजादी के सौ वर्ष आते भारत विकसित देशों की श्रृंखला में खड़ा हो जाएगा। जीवन के मूल्यों के प्रति दुनिया का भारत में आकर्षण पैदा कर रहा है जहां आज देश-विदेश के लोग भारत की ओर आकर्षित होकर यहां की सभ्यता में रंग रहे हैं। राजनीतिक का खेल शिक्षा के साथ नहीं होना चाहिए यह देश की विडंबना है कि राजनीति के शब्द का वास्तविक अर्थ खो दिया है शिक्षा के माध्यम से इसे सार्थक सिद्ध किया जा सकता है। भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन वास्तव में शिक्षा की सारी व्यवस्था को बदल देगा अमीर और गरीब के बीच की खाई को समाप्त कर देगा, नई शिक्षा नौति व्यक्ति के कौशल उसकी कुशलता उसके मानसिक स्तर को दर्शाएगी जो रटने की प्रवृत्ति है इस पर अंकुश लगेगा और लार्ड मैकाले द्वारा प्रदत शिक्षा प्रणाली को समाप्त कर स्वावलंबी बनने के लिए छात्र के हुनर को पहचान कर तकनीकी शिक्षा पर ज्यादा फोकस होगा।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने उद्बोधन में कहां कि स्व वित्तीय पोषित विद्यालय प्रबंधन एसोसिएशन शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान दे रहा है सबको शिक्षा मिले, शिक्षा में समानता का अधिकार देकर समाज को शिक्षित करने का काम के रहा है। केंद्र सरकार एवम राज्य सरकार शिक्षा का विस्तार हो इसको लेकर अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहा है। उपमुख्यमंत्री होने के नाते मेरे सामने जो समस्याएं आएंगी उसके निस्तारण के लिए हर संभव मदद शासन द्वारा की जाएगी।

## घर से कालेज को निकली छात्रा लापता

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उसकी 17वर्षीय बेटी 11जनवरी को मोहनलालगंज कस्बे में स्थित एक सरकारी इंटर कालेज में पढने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन वापस नही लौटी ।काफी तलाश के बाद भी लापता बेटी का कुछ भी पता नही चल सका है ।पीड़िता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर उसकी सहेली आयूषी दीक्षित पर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की तहरीर पर किशोरी की सहेली पर मुकदमा दर्ज कर लापता किशोरी की तलाश शुरू कर दी गयी।

# खबर का असर: होने लगी अंडर पास से जल निकासी और सड़क समतली करण व्यवस्था

## बुधवार से शुरू हो जाएगा निर्बाध यातायात

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा लखनऊ शाहजहांपुर सिक्स लेन सड़क एन एच 731पर ग्राम भतोइया में निमार्णाधीन अंडरपास के पास से डाइवर्जन के लिए मानकों को दरकिनार कर जल्दबाजी में बनाई गई सड़क लोगों के लिए महीनों से हजारों राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई थी।

नामित कंपनी के कर्मचारियों ने लगभग दो महीने पहले लखनऊ से हरदोई की तरफ जाने वाली डाइवर्जन रोड को अंडरपास से 100 मीटर पहले और 100 मीटर आगे कई फिट गहराई में खोदकर रास्ता चालू कर दिया गया था। बीते शुक्रवार 5 जनवरी को हुई जोरदार बारिश से लगभग 100 मीटर सड़क में पानी भर गया था।जिससे हर रोज हजारों लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा था। गौन्दा अजगैन लिंक रोड से आने वाले तमाम वाहन ढलान से रोड पर उतरते समय पानी मे फिसल कर गिर जाने से चोटिल हो चुके थे।





मुसीबत का सबब बना भतोइया अंडरपास, गंदे पानी से गुजरना बनी मजबूरी

अंडरपास में भरा पानी, राहगीर परेशान

भतोइया अंडरपास सबसे अधिक कष्टदायक

अंडरपास से जुड़े दर्जनों गांवों के लोग परेशान

आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा जल्द होगा समाधान

आपके प्रिय दैनिक अमन लेखनी ने इस ज्वलंत मुद्दे पर बीते सोमवार को संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराते हुए प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी।खबर प्रकाशित होते ही नामित कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने सोमवार को स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों को जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने का आदेश दिया था।इसी क्रम में मंगलवार को समस्या के समाधान के लिए गहरी रोड की लेवलिंग और जल निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है।एक दो दिन में निर्बाध यातायात शुरू होने की पूरी संभावना है। कार्य शुरू होने पर भारी तादाद में दैनिक यात्रियों और क्षेत्रीय ग्रामीणों कहना है अमन लेखनी अखबार ने खबर को प्रमुखता से न प्रकाशित किया होता तो शायद समस्या का समाधान समय पर ना हो पता। दैनिक समाचार पत्र अमन लेखनी और कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर वी शुक्ला के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## कोटेदार की मनमानी से वृद्ध महिला को नहीं मिल रहा राशन

अमन लेखनी समाचार



पीड़ित वृद्ध महिला – फोटो

लखनऊ। सरकारी गल्ले की दुकान पर राशन वितरण के लिए सरकार की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। राशन वितरण भी शुरू हो गया।राशन वितरण पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए हैं। इसके बावजूद राशन वितरण में कोटेदार मनमानी कर रहे हैं।मनमाने तरीके से राशन दिए जाने की शिकायतें भी लगातार मिल रहीं हैं।इसी कड़ी में एक असहाय वृद्ध महिला भुखमरी झेल रही है। दर दर भटक रही है। वृद्ध महिला की कहीं सुनवाई न होने पर तो व माल विकास खंड पहुच कर सहायक विकास अधिकारी पंचायत को रो रो कर अपना दर्द बयां किया। एडीओ पंचायत ने आश्वासन देते हुए बुजुर्ग महिला को आश्वस्त किया कि हर हाल में राशन की व्यवस्था की जायेगी। शाहमऊ नौबस्ता गांव निवासी बुजुर्ग सरजू देई ने बताया कि उसके पति की काफी समय पहले मृत्यु हो चुकी है। और कोई जीवन यापन का सहारा भी नही है। उम्र भी साथ नहीं दे रही है। हमारा अंत्योदय कार्ड होने के बावजूद भी गांव का कोटेदार मुरली मनमानी कर राशन नही दे रहा है।मुझे फालिज का अटैक पड़ने से बीमारी की अवस्था में किसी के यहां मजदूरी भी करने के लायक नही हूँ। इस प्रकरण में जिला पूर्ति अधिकारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, सप्लाई इस्पेक्टर को निर्देशित कर हरहाल में राशन उपलब्ध कराने को कह दिया गया है।

## समाज के अन्तिम व्यक्ति को मिल रहा सरकारी योजनाओ का लाभ:अमरेश कुमार रावत

**मोहनलालगंज क्षेत्र के सिसेंडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत जन चौपाल लगाकर ग्रामीणो को दी गयी सरकारी योजनाओ की जानकारी**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज क्षेत्र के सिसेंडी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मगंलवार को जन चौपाल आयोजित हुई ।मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत ने जन चौपाल में मौजूद लोगो को केंद्र व प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। पात्रों को चिह्नित करके लाभ भी दिया जा रहा है ।क्षेत्रीय विधायक ने सभी को भारत को विकसित बनाने की शपथ भी दिलाई ।उन्होने लोगो से 22जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन घरो में दीप जलाने की भी अपील की ।मुख्य अतिथि ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियो को प्रमाण पत्र व आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित कर गर्भवती महिलाओ की गोदभराई व बच्चो को अन्नप्राशन भी कराया।राजस्व,कृषि,विकास,स्वास्थ समेत सभी विभागो ने शिविर लगाकर ग्रामीणो को सरकारी योजनाओ की जानकारी ।ग्राम प्रधान सन्नो जायसवाल ने 500महिलाओ को ठंड से बचाव के लिये शाल वितरित किये। प्रधान प्रतिनिधि राकेश जायसवाल व समाजसेवी राजू जायसवाल ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया ।इस मौके पर पूर्व विधायक चन्द्रा रावत, ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला,एडीओ पंचायत अशोक यादव,वरिष्ठ समाजसेवी ललित दीक्षित,प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, प्रधान अभय दीक्षित, प्रधान ललित शुक्ला,प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी,विधानसभा संयोजक शम्भू पांडे,भाजपा नेता हंसराज,मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह,मंडल महामंत्री अजंनी शुक्ला,भाजपा नेता संतोष शर्मा समेत काफी संख्या में ग्रामीण व भाजपा नेता मौजूद रहें।

## बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला, चार नामजद, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।बिजली चोरी के लिए चेकिंग करने वाली टीम जब माल के नई बस्ती गावं में पहुंची तो निमार्णाधीन मकान में बिजली कटिया चोरी करते देखा जिसके बाद टीम ने वहां मोबाइल से वीडियो बनाने लगे इसी बीच मकान से लोग निकले और टीम पर हमला कर उन्होंने मोबाइल छीन लिए और दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

जेई ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और टीम को बचाया।पुलिस ने टी जी टू बिजली कर्मचारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही। बिजली विभाग के टी जी टू अभिषेक शुक्ला ने बताया कि बिजली चोरी की सूचना पर नईबस्ती गांव में रामकिशोर यादव व हरीशंकर यादव के निमार्णाधीन मकान में कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी।विद्युत विभाग के एसडीओ ,जेई, व लाइनमैन के साथ जैसे ही पहुचे देखा की कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। जिसपर वीडियो बिजली कर्मचारी बनाने लगे जिस पर भड़के रामकिशोर यादव व उनके साथी ने हमला कर विद्युत विभाग कर्मचारी का मोबाइल छीन मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह जान बचाकर हम लोगों ने जान बचाई।

अचानक बिजली विभाग की टीम पर हुए हमले से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।वहीं बिजली विभाग टीम ने थाने पर नामजद तहरीर देकर रिंकू यादव ,राहुल यादव ,रामकिशोर यादव व हरिशंकर यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर दो को गिरफ्तार कर थाने ले आयी।

इस संबंध में माल इस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले में चार नामजद व अन्य खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। रिंकू व राहुल यादव को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पाइपलाइन रिसाव को नियंत्रित करने का किया गया मॉक ड्रिल

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर लखनऊ। इंडियन आयल कारपोरेशन के पाइपलाइन प्रभाग लखनऊ द्वारा मंगलवार को पाइपलाइन रिसाव को नियंत्रित करने का मॉक ड्रिल किया गया। सरोजनीनगर इलाके में पिपरसण्ड गांव के पास इंडियन आयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के पूर्वी क्षेत्र पाइपलाइन लखनऊ कार्यालय द्वारा हुई मॉक ड्रिल में पिपरसण्ड गांव के पास पाइपलाइन में तेल रिसाव होने की सूचना दशार्यी गयी।यह सूचना मिलते ही खोजी दस्ता दल मौके पर भेजा गया और उसने वहां पर तेल रिसाव की पुष्टि की। बाद में अनुरक्षण दल और सहायक दल घटना स्थल पर पहुंचे।उन्होंने रिसाव को नियंत्रित करने के लिए अनुरक्षण प्रक्रिया शुरू की।इस प्रक्रिया के दौरान तेल में आग लग गई। आनन फानन इसकी सूचना संबंधित कार्यालय को दी गई।सूचना पाकर पहुंचे आईओसी आपदा प्रबंधन कर्मियों और अग्निशमन दल के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। साथ ही अनुरक्षण कार्य पूरा कर तेल रिसाव रोक दिया गया।यह मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन के लिए की गई तैयारी को परखने के लिए अभ्यास के तौर पर की गई। मॉक ड्रिल के दौरान ईआरपीएल लखनऊ के उप महाप्रबंधक राकेश कुमार ने कहा कि मॉक ड्रिल हमारी मुस्तैदी और तैयारी को दशार्ता है।इससे हम पाइप लाइन के आपदा को सही समय पर सकुशल नियंत्रित कर सके। इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें मौजूद लोगों को बताया गया कि यदि ऐसी कोई आपदा स्थिति उत्पन्न होती है, तो बीकेपीएल के टोल फ्री नंबर 18003456105 के अलावा स्थानीय थाने पर सूचना देनी चाहिए।जिससे कि समय रहते किसी भी हादसे से बचा जा सके।कार्यक्रम का संचालन परिचालन प्रबंधक अविनाश गुप्ता और सहायक प्रबंधक बृजभान सिंह ने किया।इस मौके पर सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी के अलावा सरोजनीनगर फायर स्टेशन के दमकल कर्मी, आइओसीएल टर्मिनल के अभिषेक तिवारी, ग्रीन गैस के डीके शर्मा व अविरल दीक्षित, एचपीसीएल लखनऊ के समीर गुप्ता, लखनऊ पाइपलाइन कार्यालय के उत्कर्ष चौधरी, देवेंद्र बथ्याल, विजय कुमार, दिलीप कुमार व अजीत कुमार सहित तमाम ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## भारत विकसित संकल्प यात्रा हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भगवान राम ने जिस तरह लंका पर विजय पाने से पहले माता शबरी का उद्धार किया था। उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व देश के करोड़ों गरीबों को आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त करने का काम किया है।विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को मलिहाबाद विकासखंड के ग्राम पंचायत पुरवा में विधायक जयदेवी कौशल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विधायक जय देवी कौशल ने कहा कि मोदी की गारंटी गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। यह गाड़ी युवाओं और महिला शक्ति दोनों को ही सशक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार जन-जन के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है, जिसका लोग पात्रता के आधार पर लाभ उठा रहे हैं। प्रधान संघ अध्यक्ष प्र.अखिलेश सिंह अंजू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान संचालित एलईडी वैन मोदी की गाड़ी बन लोगों को लाभान्वित कर रही है। मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत लोग अपने अनुभवों एवं कार्य सार्थकता से एक-दूसरे को प्रेरित कर रहे हैं।

मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व पटल पर भारत की नई पहचान बनाई है। एक सशक्त देश बनकर भारत विश्वमंच पर आया है। उक्त कार्यक्रम में दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व एक बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा, सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, जितेंद्र शुक्ला, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, सिराज अहमद सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## फांसी लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

बन्थरा। बंथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत में ग्राम हमीरपुर के निवासी रामबाबू उम्र 40 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रामबाबू मकान बनाने का काम किया करते थे। रामबाबू बंथरा के अंबरपुर ग्राम में अनंतू यादव के मकान में काम करने के लिए गए हुए थे जहां पर निमार्णाधीन मकान के कमरे में सीढ़ी लगाकर छत में लगे कुंडे में अपने मफलर का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब वहां मौके पर परिजन के साथ सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो देखा गया कि रामबाबू मफलर के फंदे से लटके हुए नजर आए जिससे कि उनकी मृत्यु हो गई।मृतक के दो बेटे व एक बेटी है मृतक रामबाबू राजगीर मिस्त्री का काम किया करता था वही बंथरा थाना पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## काशीश्वर इंटर कालेज में निर्झरिणी पत्रिका का विमोचन

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।काशीश्वर इंटर कॉलेज में ब्लॉक प्रमुख व उप शिक्षा निदेशक द्वारा निर्झरिणी पत्रिका का विमोचन किया गया जिसमे कवि सम्मेलन व छात्र व छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।मंगलवार को मोहनलालगंज के काशीश्वर इंटर कॉलेज में निर्झरिणी पत्रिका का विमोचन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ओम प्रकाश शुक्ल (विंधेश्वरी) और उप शिक्षा निदेशक षष्ट मंडल लखनऊ रेखा दिवाकर द्वारा किया गया। विमोचन के बाद ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल ने मां सरस्वती का जयकारा लगवाते हुए बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया और विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।वहीं उप शिक्षा निर्देश रेखा दिवाकर ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि काव्य हमारे जीवन का अभिन्न अंग है जिसकी शुरूवात मां की लोरी के साथ ही हो जाती है। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि पूर्व विधायक चंद्रा रावत ने भी बच्चो से मेहनत से पढ़कर माता - पिता का नाम रोशन किए जाने की बात कही। इस अवसर पर कवि आर.पी. द्विवेदी (प्रलयंकर) व कवयित्री वत्सला पांडेय सहित अन्य कवियों द्वारा शिक्षक कवि सम्मेलन के अंतर्गत कविताएं प्रस्तुत की गई, वहीं विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने भी वाद्ययंत्रों की धुन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए उपस्थित लोगों जा मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया ।कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री व प्रवक्ता आर.पी.मिश्र, प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश मिश्र, नवजीवन कॉलेज के प्रधानाचार्य हरगोविंद मिश्र,शिवनंदन कॉलेज के प्रधानाचार्य एस. सी. मिश्र, पूर्व प्रधानाचार्य यू डी शुक्ल व अनिल शर्मा सहित समस्त छात्र - छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे, तहरी भोज के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

## गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ।बिजनौर के छुहारा खेड़ा निवासी सूरज ने गांव के ही राज बहादुर के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।सूरज का कहना है कि सोमवार को अपराह्न करीब 1:30 बजे वह अपने घर पर लेटा था। तभी अचानक पहुंचे राजबहादुर ने उसके ऊपर लाठी से हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित का आरोप है कि शोर मचाने पर अन्य लोगों ने पहुंचकर बचाया, नहीं तो आरोपी उसे जान से मार देता। उसका कहना है कि बाद में जान से मारने की धमकी देकर राज बहादुर वहां से भाग गया। फिलहाल बिजनौर पुलिस सूरज की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## ग्रामीण क्षेत्रों के मार्ग गड्ढों में हुए तब्दील

**लोनहां , पिपरसंड , बंथरा मार्ग गड्ढों में तब्दील राहगीरो को आवागमन में हो रही परेशानियां**

अमन लेखनी समाचार

बन्थरा। सरकार और प्रशासन के दावे जमीनी स्तर पर खोखले साबित होते नजर आ रहे है ।यदि हम ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर नजर डाले तो यहां की खस्ताहाल सड़कें कुछ और ही बया कर रही हैं। ग्रामीणों और चौराहों पर गड्ढे बने हुए हैं, जिसके कारण दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। लगातार जर्जर हो रही सड़क मार्गों की हालत ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी है ।सड़कों की गिट्टिया उखड़ी पड़ी है और गड्ढे बन गए हैं। सड़कों पर बने गड्ढों के कारण वाहन चालकों सहित राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोनहां से बंथरा मार्ग तक और वहीं पिपरसंड से रूपखेड़ा होते हुए बंथरा को जोड़ने वाला मार्ग काफी अरसे से सड़क गड्ढों तब्दील होकर खस्ताहाल हो चुकी थी ।बीते कुछ महीने पहले पीएनसी के कार्यों में दिनरात चल रहे डम्फरो की वजह से सड़क गड्ढों तब्दील होकर खस्ताहाल हो गई थी जिसके वजह से काफी महीनों राहगीरों व वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था ।वहीं कुछ महीने पहले ही सड़क उधार हुआ था लेकिन दो महीने ही नहीं चल सकी सड़को का बुरा हाल हो गया ।जिसके बाद सड़क गड्ढों में तब्दील पड़ी है ।वहीं क्षेत्र के लोगों ने कई बार विभाग के अधिकारियों से भी बार-बार संपर्क कर उन्हें समस्या से अवगत करवा चुके है, लेकिन वे भी सिर्फ आश्वासन दे रहे है।

## विधायक किसी का अपमान नही करना चाहते हैं लेकिन अपना सम्मान भी चाहते हैं : सतीश महाना

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायक किसी का अपमान नही करना चाहते हैं लेकिन अपना सम्मान भी चाहते हैं।विधायिका और कार्यपालिका को अपनी सीमा में रहकर हमेशा अपना काम करते रहना चाहिए। महाना ने सुझाव दिया कि विधायक एक दूसरे का सम्मान करें चाहे वह विपक्ष का विधायक हो अथवा सत्ता पक्ष का। महाना आज यहां क्षेत्रवार हो रहे संवाद कार्यक्रम के तहत पश्चिमी क्षेत्र के विधायको को संबोधित कर रहे थें। उन्होंने फिर दोहराया कि विधानसभा के आगामी सत्र में सदन जितने दिन भी चले सदस्यों की उसमें भागीदारी बराबर बनी रहनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी विधायकों को अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए बराबर प्रयास करते रहना चाहिए क्योंकि यह एक सतत प्रक्रिया है और यह कभी खत्म नहीं होती है। महाना ने कहा कि विधायिका की गरिमा तथा उसके अधिकारों को वापस दिलाने का प्रयास करता रहूंगा जो पिछले दो तीन दशकों से उसके हाथ से ले लिए गए। महाना ने कहा है कि विधायकों को बार बार चुनाव जीतना एक विधायक की छवि पर निर्भर रहता है।जनसामान्य में छवि के अनुरूप ही वोट मिलता है। अगर अपनी छवि के अनुरूप कार्य करते रहें तो लगातार चुनाव जीतते रहेंगे। महाना ने कहा कि विधायिका की छवि बदलने का प्रयास कर रहा हूं।इस बात का दावा तो नहीं करता कि सब कुछ ठीक कर दूंगा लेकिन इस बात का पूरा विश्वास है कि भविष्य में इसमें सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। संवाद कार्यक्रम में विधानसभा सदस्य शाहिद मंजूर ने कहा कि यदि आपके रहते विधायिका में सुधार नहीं हुआ तो भविष्य में फिर उम्मीद नहीं की जा सकती है। जीएस धर्मेश ने कहा कि यूपी विधानसभा में हो रही इस तरह की बैठकों ने देश की दूसरी विधानसभाओं में संदेश देने का काम किया है। इस मौके पर डा मंजू शिवाच ने कहा कि हर छह महीने में विधायकों के सुझाव लिए जाने चाहिए। पंकज मलिक ने कहा कि आपने विधानसभा की गरिमा को बढ़ाने का काम किया है। तेजपाल नागर ने विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाए जाने पर जोर दिया। अनिल पाराशर ने विधानसभा वार नोडल अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की जरूरत बताया। विधायक संजय कुमार ने कहा कि पहले जब चालू सत्र में ही विधानसभा अध्यक्ष से भेंट होती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। कार्यक्रम में मंत्रीबेबी रानी मौर्य और केपी मलिक के अलावा प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थिति थें।

## चोक पड़ी नालियां सड़क पर भर रहा गंदा पानी,जिम्मेदार मौन



अमन लेखनी समाचार

बंथरा ।सरोजनीनगर बंथरा क्षेत्र के लोनहां गांव में पिछले कई दिनों से नाली चोक होने से गली और सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है। कई बार शिकायत देने पर भी कोई समाधान नहीं होने से लोगों में काफी आक्रोश पनप रहा है। नालियां टूटी फूटी पड़ी है जिसके कारण गांव में गंदा पानी पनप रहा है जहां लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोनहां गांव की साफ सफाई न होने से नाली चोक हो गई ।काफी समय से नालियों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर भर रहता है।जिसके कारण स्थानीय लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है।उसके बाद भी नालियों की सफाई नहीं कराई जा रही है। जिसके चलते लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

## संक्षेप

### दो बच्चों की मां पर चढ़ा इश्क का बुखार, प्रेमी संग हुई फरार

बीघापुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गांव परसंडा निवासी एक महिला अपने मायके में मकर संक्रांति पर्व में गई थी मौका पाकर महिला अपने प्रेमी के साथ एक पुत्र लेकर फुर्र हो गई। विवाहिता के पति ने थाने में तहरीर दिया तहरीर के आधार पर पुलिस जांच कर रही हैं पीड़ित रामू पुत्र श्रीपाल का विवाह संगीता पुत्री श्री राम निवासी ग्राम केदार नाथ खेड़ा मजरा कोडरा थाना मौरावा जिला उन्नाव के साथ लगभग 10 वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुआ है पीड़ित के दो पुत्र हैं पीड़ित की पत्नी संगीता मकर संक्रांति के अवसर पर अपने मायके गई थी पति ने आरोप लगाया की ग्राम परसंडा ज्ञानू पुत्र रामसनेही के साथ पत्नी गई चली गई हैं अपने साथ बारात में दिए गए जेवर व छोटे पुत्र को साथ लेकर गई है पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही हैं।

### विद्युत करंट से करेंट से किशोर की मौत

औरास, उन्नाव। कस्बे के निवासी संतोष शर्मा का 15 वर्षीय पुत्र जैशू अपने घर में बैटमिंटन खेल रहा था वहीं घर के बाहर से निकली ग्यारह हजार विद्युत की चपेट मे आकर झुलस गया परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास लेकर पहुंचे जहां से डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया वही ट्रामा सेन्टर पहुंचने से पहले ही जैशु की मौत हो गई वही मौत की जानकारी पर माता पिता के अलावा बाबा दादी व परिजनो का रो रो कर बुरा हाल रहा।

### विद्यालय परिसर में शिक्षको ने की साफ सफाई

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। शीतकालीन अवकाश के बाद विद्यालय पहुंचें शिक्षकों ने विद्यालय की साफ सफाई में लग विद्यालय एवं परिसर को स्वच्छ किया।

फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में संचालित बेसिक विद्यालय 15 दिन के शीतकालीन अवकाश के बाद आज खुल गए, विद्यालयों में आज शिक्षण कार्य स्थगित रहा और छात्रों का अवकाश रहा। विद्यालय पहुंच शिक्षकों द्वारा विद्यालय की सफाई कार्य में लग कर विद्यालय की कक्षाओं के साथ ही शिक्षकों द्वारा परिसर में झाड़ू लगाकर कर साफ सफाई की।

कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भड़सर नौसाहरा के प्रधान शिक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि विद्यालय मंदिर के समान है, यहां अध्ययन प्राप्त कर ही छात्र ज्ञान प्राप्त कर विधा में पारंगत होते हैं। उन्होने बताया कि विद्यालय की टीम द्वारा सहयोग कर विद्यालय को स्वच्छ किया है। वहीं तमाम शिक्षकों ने बताया कि जब अपने घरों की सफाई कर सकते हैं तो विद्यालय की सफाई क्यों नहीं। क्षेत्र के सादुल्लापुर, गाजीखेड़ा, मंझरिया आदि गांवों में स्थित विद्यालयों में शिक्षक परिवार द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# सचल वाहनों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा हुई संचालित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त सचल वाहनों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। यह यात्रा जनपद के 06 विकास खण्डों की 18 ग्राम पंचायतों में संचालित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम पंचायत में निवासित जन समूह को जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ जन -जन तक पहुंचाना।




विकसित भारत संकल्प यात्रा की आज की कड़ी में जनपद में नवाबगंज, विछिया, असोहा बांगरमऊ, बीघापुर एवं एफ - चौरासी विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजित सभी विकास खण्डों में लगभग 21000 स्थानीय निवासियो ने प्रतिभाग कर वर्ष 2047 भारत देश को विकसित करने का संकल्प लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान ग्राम पंचायत में निवासित ग्रामवासियों तक जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से राज्व विभाग, सहकारिता, कृषि विभाग, स्वास्थ विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति, ग्राम्य विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, जिला अग्रणी बैंक, पशुपालन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के तत्वावधान में संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के किसानों की ई-केवाईसी, एनपीसीआई, भू-अंकन एवं किसानों का ओपेन सोर्स के किसानों की समस्याओं का समाधन किया गया तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत के 5 किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भेजे जाने का प्रमाण दिया गया।

विकास खण्ड बांगरमऊ के ग्राम पंचायत कमलापुर में विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार, विकास खण्ड विछिया के ग्राम पंचायत हुसैन नगर में विधायक सदर पंकज गुप्ता, विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम पंचायत मेथीटीकुर में विधायक मोहान बृजेश रावत ने प्रतिभाग कर उपस्थित जन-समुह एवं किसानों की समस्याओं से अवगत हुए तथा जिन समस्याओं का निदान तत्काल सम्भव था उसका निदान करवाये अन्य समस्याओं का अतिशीघ्र निदान कराने का आश्वासन दिये।

# लगभग दस फुट का खेतो में आया अजगर ग्रामीणों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मल्ही मऊ के मजरा जहांगीर नगर में एक 10 फुट का अजगर विचरण करते हुए खेतों में आ गया। जिसे देख वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। वन विभाग को सूचना दी गई।जिसके बाद गांव के युवकों ने किसी तरह अजगर को पकड़ा और उसके साथ वीडियो बनाया। जो वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। वन विभाग को अजगर की जानकारी दी। जिसके बाद टीम उसे कब्जे में लेकर साथ ले गई।जहांगीर नगर गांव के बाहर करीब 10 फीट लंबा और 25 किलो वजन का अजगर विचरण करते हुए जा रहा था। जिस पर ग्रामीणों की नजर पड़ी। विशालकाय अजगर देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। अजगर



निकलने की जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने डायल पुलिस को दी। जिस पर पीआरबी मौके पर पहुंची। पीआरबी 3226 पर तैनात आरक्षी कृष्णा देव यादव और दीपू पाल ने भी अजगर को देखा। अजगर विचरण करते हुए खेतों की ओर जा रहा था।जिस पर क्षेत्र के एक युवक ने हिम्मत दिखाते हुए अजगर को पकड़ा और उसे उठा लिया। जिसका कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया। सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर लोगों में हड़कंप मच गया। वन विभाग बीट प्रभारी सीताराम गौड़ को अजगर को पकड़े जाने की सूचना वन विभाग को दी गई।जिस पर वन विभाग कर्मी मौके पर पहुंचे। जहां वन कर्मियों ने पकड़े गए अजगर को कब्जे में लिया। वन कर्मियों ने मौजूद ग्रामीणों को बताया कि भविष्य में यदि ऐसा दोबारा हो तो ऐसा कतई न करें। सबसे पहले सूचना दें। उसे टीम के द्वारा पकड़ा जाएगा। ऐसी लापरवाही भारी पड़ सकती है।

# प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशों के अनुपालन में 9 मार्च को सुनिश्चित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जनपद न्यायालय परिसर,से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आम जन-मानस में प्रचार- प्रसार हेतु उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से आये प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी जनपद न्यायालय परिसर,से दिखाकर रवाना किया। अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष निगम ने बताया कि उक्त प्रचार वाहन जनपद न्यायालय परिसर से बड़ा चौराहा होते हुए, शहर के प्रमुख मार्गों से होकर सार्वजानिक स्थलों से होते हुए तहसीलों,रेलवे स्टेशन,बस अड्डा तक जाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेगा।इस अवसर पर जिला न्यायालय के समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, पुलिसकर्मी, पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

# श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर निकाली गयी कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राम कथा के प्रारंभ होने से पूर्व आज कलश यात्रा निकाली गई यहां कलस यात्रा कार्यक्रम स्थल ग्राम हाफिजाबाद निकट पांडे पेट्रोल पंप सूतियातारा चौराहा निकट पाण्डेय गेस्ट हाउस से सूतियातरा भगवान भोलेनाथ के मंदिर तक पहुंची इस कलश यात्रा में सैकड़ो पुरुष महिलाएं शामिल हुई। गौरतलब हो कि अनंत श्री विभूति कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी (श्री आत्मानंद सरस्वती जी)महाराज राम कथा का रसपान भक्तों को करा रहे हैं राम कथा का समापन 22जनवरी को होगा पांडे गेस्ट हाउस प्रांगण में शुरू हुई राम कथा। कथा वाचक महाराज जी ने बताया कि मानव जीवन मिलने पर अगर प्रभु का स्मरण नहीं किया गया फिर आपका मानव जीवन व्यर्थ है।



हम लोगों के पालनहार व विश्व रचयिता बारंबार प्रणाम व कोटी बन्दन करना चाहिए। कार्यक्रम में महाराज द्वारा बताया गया कि आने वाले 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन है जिसको लेकर पूरे भारत ही नहीं विदेशों तक प्रभु राम जी की चर्चा हो रही है, हम सभी हिन्दुओं को 22 जनवरी को आपने आपने घरों में दीपक जलाना चाहिए है। कार्यक्रम में आयोजक कमलेश कुमार पांडेय राहुल पांडेय, सुधांशु पांडेय, मनीष पांडेय सहयोगी- विजय त्रिपाठी, प्रखर त्रिपाठी, अरुण विश्वकर्मा, अमन शुक्ला, पार्थ त्रिपाठी,अभिषेक त्रिपाठी,अमित सिंह, अधिकार, मोनू अवस्थी, विघ्नेश आदि आदि उपस्थित रहे !

# प्रधानमंत्री के आवाहन पर तीर्थ स्थल मंदिर स्वच्छता अभियान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने प्रभु श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन उपलक्ष्य पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मंदिरों के स्वच्छता अभियान आह्वान पर तीसरे दिन जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला के साथ जंगलेश्वर मन्दिर (हनुमान मन्दिर) अचलगंज में साफ सफाई व पूजन किया। इस अभियान के संयोजक अनुराग अवस्थी ने बताया



विधायक श्रीकांत कटियार ने शिव मंदिर ब्लॉक रोड, बम्बा लाल दिवाकर ने मोटेश्वर महादेव मंदिर सफीपुर, बृजेश रावत ने हसनगंज के बाबा मंदिर, पंकज गुप्ता ने झंडेश्वर मंदिर उन्नाव आशुतोष शुक्ला में दयासुर बाबा मंदिर बदरका, अनिल सिंह ने मोटेश्वर महादेव मंदिर मौरावां में तथा जिले के अन्य मंदिरों में भी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा स्वच्छता कर श्रमदान किया गया।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मंगलवार की सुबह ग्राम मंगतखेड़ा में तीन दिन पूर्व इंदौर से मजदूरी बाद घर लौटे 25 वर्षीय युवक का शव घर के बाहर नीम के पेड़ में गमछे के सहारे लटका मिला।सुबह सोकर उठे परिजन शव लटका देख दंग रह गए।परिजनों ने तहरीर में हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कह शव विच्छेदन गृह भेजा है।



पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मंगतखेड़ा निवासी मुन्नीलाल रावत का 25 वर्षीय पुत्र अंकित इंदौर में मजदूरी करता था।बीते तीन दिन पूर्व वह घर लौटा था। सोमवार की रात लगभग 11 बजे उसके फोन पर किसी का फोन आया।जिसके बाद वह किसी से मिलने जाने की बात कहकर घर से निकला था।जहां मंगलवार की सुबह सोकर उठे परिजन घर से बाहर निकले।तभी अंकित का शव घर के बाहर स्थित नीम के पेड़ में गमछे से लटका देख दंग रह गए।मां वेदकुमारी ने बेटे अंकित के फोन पर रात को गांव के ही किसी युवक के फोन कर बुलाने की बात बताई है।जिस पर परिजनों ने अंकित की हत्या कर शव को लटकाए जाने का आरोप लगाया है।मौके पर पहुंचे कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने जांच पड़ताल बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई किए जाने की बात कह शव को विच्छेदन गृह भेजा है।परिजनों ने बताया कि भाई अंकित ही मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था।अंकित की मौत से मां वेद कुमारी, छोटा भाई ओमकार, बहन आरती, तनू व मनू में कोहराम मचा है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों ने अभी तक तहरीर नहीं दी है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगा।

# स्वयं सेवकों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एनएसएस के स्वयं सेवकों की टोलियां बना कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये स्वयं सेवक इन दिनों यातायात कर्मियों के साथ शहर चौराहों पर यातायात व्यवस्था सम्हालते नजर आ रहे हैं।शहर के डीएसएन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा. रचना त्रिवेदी ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरुकता पखवारा के तहत जिले की यातायात पुलिस एनएसएस के 10 स्वयंसेवकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दे रही है। स्वयं सेवकों की दो टोलियों अलग अलग चौराहों पर इंस्पेक्टर राम प्रताप राणा व हेड कांस्टेबल अनिल सिंह के दिशा निर्देशन देकर के ट्रैफिक कंट्रोल करने की बारीकियां सिखाई जा



रही हैं। इन स्वयं सेवकों को यातायात नियंत्रण की जानकारी होने पर भविष्य में आपात स्थियों में इनका योगदान लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण 13 जनवरी से 18 जनवरी तक चलेगा।

# ठंड के बढ़ते ही समाजसेवियों ने वितरण किए गर्म कपड़े



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला कारागार में बच्चों को वितरित किया गर्म ऊनी कपड़े इनर व्हील क्लब ऑफ उन्नाव टीम ने जिला कारागार में बच्चों को खिलौने व अन्य सामग्री वितरित किया बच्चों को जैसे ही खिलौने व कपड़े मिलें तो बच्चों के चेहरे पर अलग ही खुशी देखने मिलीं सभी एक दूसरे को देख कर प्रसन्न थे इनर व्हील क्लब ऑफ अध्यक्ष गुरुप्रीत कौर ने बताया कि हमारी टीम लगातार जरूरत मंदों तक हर उचित सामग्री पहुंचाते हैं उपहार फाउंडेशन अध्यक्ष आरती यादव ने बताया कि हम लोगों को अगर किसी प्रकार की कोई सूचना मिलती है तो हम उन लोगों तक खाने पीने कि सामग्री सहित अन्य सामग्री पहुंचाते हैं कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब ऑफ की अध्यक्ष गुरुप्रीत कौर डाक्टर रेखा सिंह सज्ञा मित्रा आरती यादव गीता सेठ कोमल चावला उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित डम्फर घर में घुसा सिलेंडर में लगी आग दो घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के मिश्री गंज के पास बीती देर रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर एक घर में घुस गया। डंपर घुसने से घर में रखे सिलेंडर में आग लग गई। घर में मौजूद मां बेटी-बेटा घायल हो गए। पास में मौजूद होटल के लोग दौड़े और दबे लोगों को निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने डंपर को क्रेन की मदद से बाहर निकाला। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोडकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है कोतवाली अजगैन क्षेत्र के मिश्रीगंज के रहने वाले श्याम लाल पुत्र शंकर लाल का हाईवे के किनारे ही होटल के बगल में घर है। सोमवार देर रात लखनऊ से कानपुर जा रहे एक तेज



रफ्तार डंपर शंकर लाल के घर में अनियंत्रित होकर घुस गया। घर में मौजूद शंकर लाल की पत्नी विद्या देवी, बेटा शिवा, बेटी आयुषी दीवार गिरने से दब गए और घायल हो गए। टक्कर लगने से घर में रखे सिलेंडर में आग लग गई। पास में ही होटल पर मौजूद विनय कुमार अपने कई साथियों के साथ दौड़े। दीवार के नीचे दबे सभी लोगों को मशक्कत कर बाहर निकाला।उधर हाईवे पर गश्त कर रही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंच गई। लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर दिलीप अग्रवाल ने सभी घायलों का उपचार शुरू किया। उधर हादसे की सूचना पर अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से डंपर को बाहर निकलवाया। बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आग से जलकर सेवानिवृत शिक्षक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत उस समय हो गयी जब वह रात्रि में विश्राम करने अपने कमरे में गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।थाना क्षेत्र अंतगर्त करनाईपूर निवासी छेदीलाल 86 वर्ष पुत्र स्व०माखनलाल पेशे से शिक्षक थे सोमवार को रोज की तरह अपने कमरे में शयन हेतु गए थे, कुछ समय बाद कमरे के अंदर से धुआं निकलने लगा मौके पर जाकर दरवाजा खोलने का प्रयास किया गया तो दरवाजा अंदर से बंद था।कुल्हाड़ी से दरवाजा को तोड़कर देखा गया छेदीलाल बुरी तरह से जल चुके थे। कमर के ऊपर शरीर पूरी तरह से जल गया था।छेदीलाल गौतम की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र श्री कृष्णा ने पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुँचे वरिष्ठ उप निरीक्षक मानिक राम वर्मा ने पंचायत नामा भरवा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। म्रतक के चार लड़के व दो लड़कियां है जिनमे गुड्डू,रिंकू व लडकी गुड्डी की शादी हो चुकी है जबकि कृष्णा,राम जी व लड़की रिंकी अभी अविवाहित है। म्रतक की पत्नी ननकैइया सहित पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी दिलीप कुमार प्रजापति ने बताया मौत के कारणों की जांच की जा रही। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### अतिक्रमण व पालीथीन के विरुद्ध चलाया गया अभियान वसूला जुर्माना

सफीपुर, उन्नाव। शासन के निर्देश पर नगर पंचायत कर्मियों ने अतिक्रमण व पालीथीन के विरुद्ध अभियान चलाकर लगभग 25 दुकानदारों की रसीद काटकर जुमार्ना वसूला और दुकानदारों को हिदायत दी की दुकान पर वो पालीथीन व मार्ग पर अतिक्रमण न करे अधिशासी अधिकारी ने बताया कि ये अभियान निरंतर जारी रखा जायेगा आदर्श नगर पंचायत सफीपुर में एक टीम गठित की गई है जिसपर आज टीम ने उन्नाव हरदोई रोड पर अतिक्रमण एवं पॉलीथीन के विरुद्ध अभियान चलाया गया

# सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का किया जायेगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व वातावरण राम मय हो चुका है। मंदिरों में सफाई, घर घर अक्षत वितरण के साथ ही समारोह में शामिल होने का न्योता दिया जा रहा है।इसी उपलक्ष्य में ब्लॉक क्षेत्र के गांव मुरैता प्राचीन में सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ होना तय हुआ है। यज्ञ से पूर्व कलश शोभा यात्रा निकाली गई।यात्रा यज्ञ प्रांगण श्रीनर्मदेश्वर मंदिर परिसर से निकल कर किशुनखेड़ा, कायमपुर ,अंगनुवा खेड़ा, टिकरिया, मियागंज, कैलांव आदि गांवों से होते हुए श्री अलोपा देवी मंदिर प्रांगण ले जाई गई, जहां आचार्यों द्वारा वैदिक परंपरा से विभिन्न संस्कार संपन्न कराए गए,उपरांत यज्ञ स्थल आकर यात्रा का समापन हुआ।कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी दिनेश साहू ने बताया कि सातों दिन दो पालियों में श्रीराम कथा का गुणानुवाद चित्रकूट धाम से आए आचार्य द्वारा किया जायेगा। वहीं कथा के अंतिम दिवस आगामी 22जनवरी को विशाल भंडारा एवं भव्य दीपोत्सव आयोजित कराया जाएगा। चित्रकूट धाम से कथा प्रवचन हेतु आ रहे पंडित कविताकांत बाजपेई श्रद्धालुओं को दोपहर दो बजे से साढ़े चार बजे तक एवं शाम सात बजे से साढ़े दस बजे तक राम कथा सुनाएंगे। आयोजन से पूर्व राम भक्तों ने यज्ञ स्थल से अलोपा देवी मंदिर धाम तक कलश शोभा यात्रा निकाली। खास यह कि यात्रा में भगवान भोलेनाथ- नंदी, श्रीराम-लक्ष्मण,राधा कृष्ण आदि की मनमोहक झांकियां यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं सैकड़ों की तादात में महिलाएं,बच्चे व ग्रामीण थे। यज्ञाचार्य पंडित गोपालाचार्य महाराज,अतुल पांडेय,सत्यम बाबा कलश यात्रा की



अगवानी कर रहे थे।यात्रा में उत्साही नौजवानों ने भक्ति भाव से परिपूर्ण गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में खूब झूमे। यात्रा अलोपा देवी मंदिर धाम पहुंची यहां यज्ञाचार्य ने चार यजमानों में से संदीप दीक्षित (ग्राम प्रधान),अमर नाथ पाल,शिवनारायण पाल व पुतान द्विवेदी का मुंडन संस्कार एवं दसविधि स्नान करवाया वहीं कलशधारी महिलाओं व बेटियों को जल भराई की भी रस्म अदायगी कराई गई। उसके बाद गाते बजाते हुए यात्रा पुनः मुरैता प्राचीन यज्ञ स्थल जाकर समाप्त हुई। यात्रा में प्रमुख रूप से उमाशंकर कुशवाहा (पूर्व प्रधान), रज्जन लाल दीक्षित, हरिओम द्विवेदी,रामनाथ यादव, शिवशंकरकुशवाहा, बड़कऊ ,पुत्तन शर्मा,पप्पू मिश्र,महेश मिश्रा, रामू द्विवेदी, पूतन तिवारी,कालीशंकर,गुड्डू रावत,मुन्नू यादव आदि भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे। यात्रा का संचालन कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी पत्रकार दिनेश साहू ने किया।

## चिंतन

# अगर गलत किया है तो सजा मिलना जरूरी

देश में पैसे लेकर नौकरी देने का आरोप तो लंबे समय से लगते रहे हैं, लेकिन आजकल लैंड फॉर जॉब्स मामला सबसे ज्यादा चर्चाओं में हैं। इसी मामले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव और उनके परिवार की 6 करोड़ 2 लाख रुपये की संपत्ति अटैच की है। इसमें गाजियाबाद और बिहार की सभी संपत्ति शामिल हैं। इस मामले में लालू यादव उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी और बेटियां मीसा, हेमा से पहले ही पूछताछ की जा चुकी है। इस केस में तेजस्वी के अलावा 17 लोग शामिल है। इनमें कई अन्य नए बिचौलियों के नाम को भी शामिल किया गया है। लैंड फॉर जॉब्स मतलब जमीन के बदले नौकरी देना। पूरा मामला रेल मंत्री रहने के दौरान लालू यादव द्वारा रेलवे भर्ती से संबंधित है। लालू यादव पर वर्ष 2004 से 2009 तक जमीन के बदले लोगों को नौकरी देने का आरोप है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि उन्होंने रेल मंत्री रहते हुए ही बिना कोई विज्ञापन जारी किए रेलवे में ग्रुप-डी की नौकरी के लिए कई लोगों की भर्ती की थी। जिन लोगों को ये नौकरी मिली उन्हें अपनी जमीन देनी पड़ी। कई लोगों को तो आवेदन देने के 3 दिन में ही नौकरी दे दी थी। इसमें लोगों को जबलपुर, मुंबई, छत्तीसगढ़ और जयपुर आदि जगहों पर लगाया गया था। जिन लोगों को नौकरी दी, उनसे रिश्वत में जमीन ले ली। लालू ने पत्नी राबड़ी और बेटी मीसा समेत कई परिजनों के नाम पर इन प्लॉट को लिया। नौकरी के नाम पर 12 लोगों से 7 प्लॉट सस्ते में या बिना कुछ दिए हासिल कर लिए। इस घोटाले को लेकर सीबीआई कई बार लालू समेत उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। आरोप है कि उन्होंने लैंड फॉर जॉब घोटाले में बिहार के लोगों को ही नौकरी दी और करीब 4 करोड़ की जमीन 26 लाख में परिजनों के नाम करवा ली। ये सारे प्लॉट कुल मिलाकर करीब एक लाख स्क्वायर फीट से भी ज्यादा के थे। आईआरसीटीसी घोटाला भी लालू के रेल मंत्री रहते हुए 2004 में होने का आरोप है। 2004 में रेलवे बोर्ड द्वारा आईआरसीटीसी को रेलवे की कैटरिंग और होटलों की सेवा का पूरा जिम्मा सौंप दिया गया था। आरोपों के अनुसार, इस दौरान रांची के बीएनआर होटल की सेवा और विकास कार्यों के लिए जारी टेंडर में कई अनियमिताएं हुई थी। लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुआ खूब प्रचार किया गया कि उन्होंने रेलवे की कायापलट दी। लगातार घाटे में चल रहे रेलवे को लालू मुनाफे में ले आए, लेकिन उनके पद से हटने के बाद एक बाद के बाद कई घोटाले खुले। नौकरी के बदले जमीन लेने का मामला तो अत्यंत गंभीर है। यह इसलिए कि चपरासी तक की नौकरी देने के बदले लोगों से जमीन अपने नाम करवा ली गई। अब यह मामला लालू परिवार के गले की फांस बना हुआ है। परिवार पर दिन प्रति सीबीआई और ईडी का शिकंजा कसता जा रहा है। सबसे पहले इस घोटाले की चिंगारी लालू प्रसाद यादव और राबड़ी यादव तक पहुंची और धीरे-धीरे पूरे परिवार को अपनी चपेट में ले लिया। सीबीआई का कहना है कि लालू के परिवार ने 1.05 लाख वर्ग फीट जमीन अलग-अलग लोगों से बेहद सस्ते दाम पर लेकर अपने नाम पर कर ली। जिनसे जमीन ली गई, उनके परिजनों को रेलवे में नौकरी दी गई। खास बात यह कि ये सारी जमीन एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के नाम पर ली गई, जो दिल्ली स्थित तेजस्वी यादव के मकान पर रजिस्टर्ड थी। बाद में इस कंपनी को 2014 में राबड़ी और मीसा ने अपने नाम कर लिया। उसके बाद से कंपनी की मालिक राबड़ी देवी है। अब पूरे मामले में जांच एजेंसियां लालू के परिवार पर शिकंजा कस रही हैं। होना भी चाहिए। अगर गलत किया है तो सजा मिलना जरूरी है। इस पर कोई हायतौबा करे तो करता रहे।

## सारा संसार



महाराष्ट्र में कोल्हापुर से 14 किलोमीटर की दूरी पर पुणे-बेंगलुरू राजमार्ग पर स्थित, चिन्मय गणधीश मंदिर पूरी दुनिया में हिंदू भगवान गणेश की सबसे ऊंची मूर्ति के लिए जाना जाता है। 24 फीट के आधार पर रखी गई यह प्रतिमा 61 फीट की ऊंचाई पर खड़ी है। इसका उद्घाटन 2001 में किया गया था।

## वर्ल्ड वाइड वेब दिवस

योगेश कुमार गोयल



# इंटरनेट की दुनिया में ले जाता है डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू

आज के आधुनिक युग में हम कम्प्यूटर या मोबाइल पर केवल एक क्लिक के जरिये ही बड़ी आसानी से किसी भी चीज के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है वर्ल्ड वाइड वेब (डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू), जो वास्तव में एक ऐसी प्रणाली है, जो वेब पेजों, ऑडियो फाइलों तथा दस्तावेजों सहित हजारों ऑनलाइन संसाधनों को आपस में जोड़ती है। इस नेटवर्क के लिए संसाधन वेब सर्वर के माध्यम से उपलब्ध कराए जाते हैं, जो इंटरनेट पर वेबसाइटों के वास्तविक डेटा या संसाधनों को संरक्षित रखता है और उस डेटा तक वेब ब्राउजर के माध्यम से ही पहुंचा जा सकता है। सर्च इंजन के जरिये कुशलतापूर्वक और स्पष्ट रूप से जानकारी प्राप्त की जाती है। हालांकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का वर्तमान पीढ़ी पर कुछ गलत प्रभाव भी पड़ रहा है लेकिन इंटरनेट दुनियाभर में करोड़ों लोगों को नया कौशल विकसित करने अथवा नई-नई जानकारियां प्राप्त करने या सीखने में मददगार भी साबित हो रहा है। डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू शब्द प्रतिदिन दुनियाभर में करोड़ों कम्प्यूटरों पर असंख्य बार टाइप किया जाता है, जो वास्तव में इंटरनेट की दुनिया की ऐसी चाबी है, जिसकी मदद से कोई भी इंटरनेट का उपयोग कर सकता है। डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू नामक इस मायावी शब्द को जन्म दिया था वर्ष 1989 में ऑक्सफोर्ड के क्वींस कॉलेज से ग्रेजुएशन कर चुके टिम बर्नर्स-ली ने। टिम बर्नर्स-ली को एक इंटरनेट-आधारित संचार प्रणाली विकसित करने में उनकी रचनात्मकता के लिए सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष 1 अगस्त को 'वर्ल्ड वाइड वेब दिवस' मनाया जाता है। टिम बर्नर्स-ली ने वर्ल्ड वाइड वेब को 1989 में बनाया था, जो 1991 में पूरी दुनिया के लिए सुलभ हो गया। उन्होंने एचटीएमएल, एचटीटीपी, सर्वर, वर्ल्ड वाइड वेब ब्राउजर, तथा वेब के मूलभूत निर्माण खंड और इंटरनेट पर पहली वेबसाइट बनाई। वर्ल्ड वाइड वेब के अस्तित्व में आने के शुरूआती दो वर्षों के भीतर इंटरनेट पर 50 से ज्यादा वेबसाइटें थी। 1990 के दशक के मध्य तक विश्वभर में करीब एक हजार लोग ही इंटरनेट का उपयोग कर रहे थे। 1993 में इंटरनेट पर 'टेक्सट' के साथ-साथ पिक्चर्स व ग्राफिक्स का प्रसारण भी शुरू हो गया, जिससे धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढनी शुरू हो गई।

# तकनीक की दुश्वारियां भी हैं




विचार

डॉ. संजय शुक्ला

साल 1976 में सत्यजीत रे की एक लघु फिल्म 'अनुकूल' आई थी जिसमें एक शिक्षक अपने काम को आसान करने के लिए अनुकूल नाम का रोबोट किराए पर रख देता है। शिक्षक के एक रिश्तेदार को जब यह पता चलता है तो वह बहुत आगबबूला होकर कहता है कि रोबोट के कारण ही उसकी नौकरी चली गई और वह बेरोजगार हो गया। बाद में रोबोट इस रिश्तेदार को इलेक्ट्रिक शॉक देकर मार डालता है। फिल्म में एक ट्रेड यूनियन लीडर द्वारा रोबोट के नाम पर शिक्षक को धमकाते हुए भी दिखाया है। सत्तर के दशक में बनी इस लघु फिल्म की कहानी अब इक्कीसवीं सदी में वास्तविक रूप में सामने आ रही है जब कृत्रिम मेधा यानि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 'एआई' लोगों के हाथों से रोजगार छीनने लगी है। हाल ही में ई- कॉमर्स क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी 'दुकान' ने अपने 90 फीसदी कर्मचारियों को हटाकर उनकी जगह एआई पर आधारित 'चैटबोट' की सेवाएं ले ली है। कंपनी इस फैसले के खिलाफ सोशल मीडिया में तीखी प्रतिक्रिया देखी गई।

बहरहाल यह अभी शुरूआती रूझान है लेकिन आगे स्थिति और विकट होने की संभावना है। सूचना क्रांति के इस दौर में जब इंटरनेट टेक्नोलॉजी अपने विकास के चरम पर है तब विश्व समुदाय दोराहे पर खड़ा है कि वह विज्ञान के इस अविष्कार को वरदान माने अथवा अभिशाप ?आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पक्ष और विपक्ष में इन दिनों दुनिया भर में बहस जारी है। एआई के हजारों वैज्ञानिकों और टेक्नोलॉजी कंपनियों से जुड़े मुख्य कार्यकारियों ने ओपनएआई और अन्य कंपनियों से चैटजीपीटी जैसे सिस्टम पर शुरुआत में ही काम रोकने की अपील की थी। दूसरी ओर कई इंडस्ट्री प्रमुखों और शोधकर्ताओं ने इसे संपन्नता लाने वाला बताया है लेकिन इसके नुकसान पर भी वे चिंतित हैं। एआई से बढ़ते खतरों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा समिति ने पहली बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर बैठक की है। बैठक में एआई से होने वाले अंतरराष्ट्रीय अशांति और अस्थिरता के मद्देनजर इसके इस्तेमाल के नियंत्रण के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था बनाने पर विचार व्यक्त किया गया है। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि संयुक्त राष्ट्र संघ को साल 2026 तक एआई के जरिए स्वचालित हथियारों के उपयोग पर रोक लगाने संबंधी कानून पर सदस्य देशों के साथ बंधनकारी समझौता करना चाहिए।

गौरतलब है कि सोशल मीडिया फेक न्यूज के नाम पर पहले से ही बदनाम और अविश्वसनीय था लेकिन एआई ने इसे और विस्तार दे दिया है। इंटरनेट मीडिया में फोटोशॉप शब्द का चलन शुरुआत से ही है लेकिन एआई इमेज जनरेटर्स ने फोटोशॉप की क्षमताओं को काफी बढ़ा दिया है। यह तकनीक वास्तविक और डिजिटल छवियों को इस तरह से मिला देती है कि असली और नकली में कोई फर्क ही नहीं रह जाता। तकनीक का स्याह पक्ष यह कि बीते कुछ अर्सों में दुनिया के अनेक राष्ट्रप्रमुखों और सेलेब्रिटियों के आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें इसके जरिए वायरल हुई है जो निजता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दूसरी ओर दूसरी ओर न्यूज रेटिंग कंपनी न्यूजगार्ड के एक रिपोर्ट के मुताबिक इंटरनेट एआई चैटबॉट द्वारा दर्जनों फर्जी वेबसाइट्स में मनगढ़ंत और झूठी खबरों की भरमार है। ऐसे ही एक फर्जी वेबसाइट ने बीते अप्रैल में अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन की मौत और हैरिस के कार्यकारी राष्ट्रपति बनने की खबर ब्रेक की थी। एक अन्य इंटरनेट एआई वेबसाइट ने एक यूट्यूब वीडियो के आधार पर रूस-यूक्रेन युद्ध में हजारों सैनिकों के मारे जाने की मनगढ़ंत खबरें चलाई थी। अलबत्ता इंटरनेट तकनीक केवल फेक वीडियो और न्यूज पर ही सीमित नहीं है बल्कि अब इसका दखल पत्रकारिता और लेखन के क्षेत्र में भी बढ़ते जा रहा है। न्यूजगार्ड द्वारा अनेक वरिष्ठ पत्रकारों और लेखकों के नाम पर प्रकाशित खबरों और लेखों का जब पड़ताल किया गया तब पता चला कि पूरा खबर और लेख एआई की मदद से लिखा गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के द्वारा हो रहे इस प्रकार के गलत गतिविधियों के मद्देनजर विशेषज्ञों की मानें तो आज के दौर में टेक्नोलॉजी आसान और सस्ती हो चुकी है तथा इसमें मानव संसाधन का खर्च भी नहीं हो रहा है फलस्वरूप आने वाले दिनों में मीडिया की विश्वसनीयता बहुत तेजी से खत्म होगी लिहाजा एआई कंपनियों को बहुत ज्यादा जवाबदेही और सतर्कता बरतने की जरूरत है ताकि झूठी खबरों और लेख से बचा जा सके।



अलबत्ता एआई रोजगार के क्षेत्र में गहरा असर डालेगा जिसकी शुरुआत देश और विदेश में कर्मचारियों के छटनी से होने लगा है। बीते साल पूरी दुनिया में सूचना तकनीक के करीब 1048 कंपनियों में 1.61 लाख लोगों की नौकरियां खत्म हुई है जिसकी इस साल तेजी पकड़ने की संभावना है। भारत के आईटी उद्योगों में नई नौकरियों में बीते एक साल में 65 फीसदी की कमी आई है। इस क्षेत्र के विशेषज्ञ गोल्डमैन सैक्शे के मुताबिक एआई कुछ सालों में 30 करोड़ नौकरियां निगल जाएगा वहीं मैकेंजी ने कहा है कि आने वाले पांच वर्षों में यह तकनीक लगभग 80 करोड़ रोजगारों पर असर डालेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल निजता, सभ्यता और रोजगार के लिए ही खतरा नहीं है बल्कि लोकतंत्र और मानव अधिकारों के लिए भी दुश्वारियां लेकर आया है। यह कहना गैर मुनासिब नहीं होगा कि देश और दुनिया की सियासत और चुनाव अब सोशल मीडिया के जरिए नियंत्रित होने लगे हैं तब एआई इन व्यवस्थाओं पर काफी असर डाल सकता है। वैज्ञानिकों की मानें तो यह उन देशों के लिए और भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है जहां गैर निर्वाचित सत्ता है। विचारणीय है कि भारत जैसा देश जहां डिजिटल साक्षरता कम है वहां यह तकनीक लोकतंत्र के लिए खतरा बन सकती है। क्योंकि यह चुनाव अभियान में किसी भी पार्टी या राजनेता के बारे में फेक खबरों या विडियोज़ को असली के तौर पर फैला सकती है जो चुनाव परिणामों पर असर डाल सकता है। एआई अपराध और युद्ध जैसे अमानवीय कृत्यों को बढ़ावा देने में सहायक हो सकते हैं जो मनुष्यता के लिए त्रासदीदायक होगा।

बहरहाल हम एक ऐसे क्रांति के दोराहे पर खड़े हैं जब देश और समाज के सामने नये तकनीक का साकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्ष है।एआई के तमाम खामियों के बावजूद यह तकनीक मानव समाज के लिए वरदान है भी है। विशेषज्ञों की मानें तो एआई किसी भी काम को करने में लगने वाले समय को कम करता है तथा इसकी सेवाएं पूरे सप्ताह चौबीसों घंटे ली जा सकती है। इसके अलावा यह तकनीक मानव संसाधन के व्यय को कम करता है तथा यह नये बाजार बनाने की क्षमता रखता है। इस टेक्नोलॉजी ने हेल्थकेयर के क्षेत्र में काफी संभावनाएं पैदा की है जैसे रोगो के निदान तथा भविष्य में होने वाली बीमारियों की पूर्व सूचना इत्यादि महत्वपूर्ण है। ओपेनएआई का चैटजीपीटी - 4 डॉक्टरों के लिए काफी कारगर हो रहा जिसके जरिए वे मरीजों की काउंसलिंग और सेहत के लिए संभावित खतरों के बारे में बेहतर संवाद कर पा रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इस तकनीक से उन्हें मरीजों के मुश्किल सवालों को सुलझाने में मदद मिल रही है जिससे उनका समय,धन और ऊर्जा की बचत हो रही है। इसके बावजूद इस तकनीक पर बढ़ती निर्भरता चिकित्सा क्षेत्र के अनुसंधान और डॉक्टरों की दक्षता और कार्यकुशलता को प्रभावित कर सकती है जिसके लिए सचेत रहने की आवश्यकता है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एआई दुनिया और मनुष्य को न तो इंसान की प्राकृतिक बुद्धि की तरह समझ सकती और न ही ग्रहण कर सकती लिहाजा इस दोधारी तलवार के उपयोग पर सावधानी बरतने की जरूरत है। विचारणीय है कि कम्प्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमें संपन्नता और सुविधा तो दे सकती है लेकिन आत्मविश्वास और नैतिकता तो मनुष्य ही दे सकते हैं।आखिरकार इस तकनीक का अविष्कार भी तो मानव मस्तिष्क ने किया है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के मुकाबले ज्यादा बेहतर है। बहरहाल आज देश और दुनिया को एआई जैसे तकनीक के रचनात्मक और निरापद उपयोग के लिए जरूरी संतुलन,कानून व उपाय लागू करने की जरूरत है ताकि यह अविष्कार मानव समाज के लिए वरदान साबित हो न कि अभिशाप।

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?




संकलित

दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं।

## बिन बुलाए किसी के घर न जाएं



संकलित

प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रकृति का संरक्षण जरूरी

28 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस हर वर्ष मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। हम जिस थाली में खाएं उसी में छेद करना शुरू कर दें तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी तो और क्या होगा? प्रकृति हमें निस्वार्थ भाव से जीने के लिए सब कुछ देती है, लेकिन हम नासमझी बरतते हुए इसे ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। अफसोस की बात है कि जिस प्रकृति ने इनसान को जीने के लिए निस्वार्थ भाव से इतना कुछ दिया है, आज इनसान ने उसी प्रकृति की नाक में दम अपने स्वार्थ के लिए कर दिया है। प्रकृति से खिलवाड़ के कारण आज धरती पर हर तरह का प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जो कि प्राणी जाति को पतन की ओर ले जाने का काम कर रहा है। अभी भी वक्त है कि इनसान को प्रकृति से छेड़छाड़ बंद कर देनी चाहिए। *- राकेश पांडे, धमतरी*

## ट्रेंड

### 'गरीबों के मसीहा' मोदी



कांग्रेस ने दशकों तक देश में शासन किया लेकिन गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया। मोदी ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं, इसलिए आज पूरे देश में वो 'गरीबों के मसीहा' के रूप में जाने जाते हैं।

-अमित शाह, गृह मंत्री

### आनंद का रसायन बनाएं



यदि आप अपने सिस्टम को अच्छी तरह से मैनेज्ड या प्रबंधित करना जानते हैं, तो आप चिंता या दुख का नहीं, बल्कि आनंद का रसायन बनाएंगे तभी सब कुछ संभव हो पाएगा।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### दहलाने वाली कहानियां



जबकि मणिपुर को उथल-पुथल का सामना करना पड़ा, मोदी सरकार उदासीन दिखी। हमारे भारत गठबंधन के सांसदों ने राज्य का दौरा करने के बाद लोगों से दर्द की दिल दहला देने वाली कहानियां सुनीं। वे सभी समुदायों से जुड़े रहे।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### आप प्रगति पर



आप सदैव प्रगति पर हैं- आपके लक्ष्य समायोजित किये जा सकते हैं। आपका उद्देश्य विकसित हो सकता है। आपके कौशल को निखारा जा सकता है। आपका मन मजबूत हो सकता है। आदतें बनाई जा सकती हैं। आपके मूल्य बदले जा सकते हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### यूरोप आक्रमण बर्दाश्त नहीं करेगा : यूरोपीय संघ

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन ने विवादित दक्षिण चीन सागर पर बीजिंग के दावे को अमान्य घोषित करने वाले यूरोपीय संघ के वर्ष 2016 के मध्यस्थता फैसले को दोहराते हुए सोमवार को चेतावनी दी कि यूक्रेन हो या फिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूरोप आक्रमण बर्दाश्त नहीं करेगा। वॉन डेर लेन ने आर्थिक, व्यापारिक और सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा के मकसद से मनीला में फिलिपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ हुई बैठक के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।



## ऑफ बीट

### स्टेम सेल से मानव भ्रूण बनाने पर शोध

कृत्रिम मानव भ्रूण – जिन्हें भ्रूण शरीर, भ्रूण जैसी संरचनाएं या भ्रूण मॉडल भी कहा जाता है – 'प्राकृतिक मानव भ्रूण' के विकास की नकल करते हैं, जो निषेचन द्वारा निर्मित होते हैं। सिंथेटिक मानव भ्रूण में 'कोशिकाएं शामिल होती हैं जो आम तौर पर भ्रूण, प्लेसेंटा और जर्दी थैली का निर्माण करती हैं, और रोगाणु कोशिकाओं के अग्रदूत बनने के लिए विकसित होती हैं (जो शुक्राणु और अंडे का निर्माण करेंगी)।'यद्यपि प्राकृतिक मानव भ्रूण से संबंधित अनुसंधान कई देशों में कानूनी है, फिर भी यह विवादास्पद बना हुआ है। कुछ लोगों के लिए, कृत्रिम मानव भ्रूण से जुड़ा शोध कम विवादास्पद है



**संक्षेप**

## अमेठी में रेलवे ट्रैक के किनारे मिला शव

### ट्रेन से गिरकर मौत की आशंका, पहचान कराने के प्रयास में जुटी पुलिस

अमेठी जिला, अमेठी में देर रात रेलवे ट्रैक किनारे अज्ञात युवक शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पहचान करने की कवायद शुरू कर दी है। आशंका है कि किसी ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल, ये पूरा मामला जायस कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ वाराणसी रेल खंड स्थित राजीव गांधी पेट्रोलियम इंस्टिट्यूट के पीछे पिलर संख्या 967.29 का है। जहां देर रात रेलवे ट्रैक किनारे अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। आसपास से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जायस पुलिस मौके पर पहुंची और आस पास के लोगों से पहचान करवाने की कोशिश की। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शिनाख्त कराने की कवायद शुरू कर दी है।स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक की मौत ट्रेन से गिरने की वजह से हुई है। एसओ देवेंद्र सिंह ने कहा कि आर जी पी टी आई के पीछे रेलवे ट्रैक के पिलर संख्या 967.29 किनारे अज्ञात युवक का शव मिला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त नही हो पाई है। शिनाख्त करवाने की कार्यवाही जारी है। आशंका है कि किसी ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हुई है।

## बसपा सांसद का पोस्टर बना चर्चा का विषय

### सांसद बोले– शुभचिंतकों ने लगाया पोस्टर, बसपा सुप्रीमो मायावती व हाथी का सिंबल गायब

अम्बेडकरनगर, बसपा से राजनीति का ककहरा सीखा, बसपा से विधायक व सांसद बने, लेकिन समय के साथ अब बसपा से मोहभंग होता दिख रहा है।ऐसा लग रहा है कि अब नए दल की तलाश हो रही है... बात हो रही है मौजूदा अम्बेडकरनगर से सांसद रितेश पांडेय की। हालांकि इन से इतर सांसद का दावा है कि वह बसपा से सांसद और बसपा में है। जिले भर में नए साल पर लगी सांसद की बधाई संदेश की होर्डिंग में न तो बसपा प्रमुख मायावती की कहीं फोटो दिख रही न तो सिंबल हाथी की।ऐसे में अब कयासों का दौर शुरू हो गया है कि रीतेश पांडेय लोकसभा चुनाव से पहले पाला बदल सकते हैं। सूत्रों की मानें तो सपा से टिकट की हरी झंडी न मिलने के बाद बसपा सांसद सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ रुख कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव से पहले जिले की राजनीतिक गलियारों में भगदड़ होगी। ऐसा माना जा रहा है कि इसकी शुरूआत पहले बसपा से हो सकती है। मौजूदा सांसद रीतेश पांडेय की बात करें तो इन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत बसपा से की। वह 2012 में पहली बार बसपा से जलालपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़े, लेकिन वह सपा के शेरबहादुर सिंह से हार गए।

# प्रधान ने सीएचसी हनुमान मंदिर में चढ़ाया चांदी का मुकुट

### प्रधानी जीतने पर किया था वादा जिसे किया पूरा

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज परिसर में स्थित हनुमान जी की मंदिर जो भव्य तरीके से बनी हुई है जो की कैसरगंज का आकर्षण का केंद्र है।बीते ग्राम पंचायत के प्रधानी चुनाव होने के दौरान जनपद गोंडा के विकासखंड करनैलगंज के ग्राम पंचायत गुरवलिया के प्रधान पद के उम्मीदवार बड़काऊ सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना किया था और प्रधानी का चुनाव जीतने पर हनुमान जी के प्रतिमा पर चांदी का मुकुट भेंट करने का वादा किया था। जिसको प्रधानी जीतने के पश्चात बड़काऊ सिंह ग्राम प्रधान गुरवलिया ने चांदी का मुकुट लाकर हनुमान जी की प्रतिमा पर चढ़ाकर वादा को पूरा करते हुए पूजा अर्चना किया। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के अधीक्षक डॉक्टर एनके सिंह ने ग्राम प्रधान बड़काऊ सिंह को हनुमान जी की प्रतिमा पर मुकुट भेंट करने के उपलक्ष में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया और क्षेत्र के लोगों से अपील की की सभी लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के परिसर में हनुमान मंदिर पर आकर के हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह ने हनुमानगढी मंदिर पर लगाया झाड़ू

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विशेष साफ सफाई अभियान के तहत हुजूरपुर ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने जिगिनिया महिपाल गांव पहुंचकर प्रेमीदास कुट्टी हनुमानगढी मंदिर व मंदिर के आसपास साथियों संग झाड़ू लगाई और स्वच्छता वह गौ सेवा का संदेश दिया। इस मौके पर हनुमानगढ़ी महंत रघुनाथ दास जायसवाल प्रधान जिगिनिया महिपाल सिंह आलोक कुमार सैनी प्रधान जिगिनिया जसकरण सिंह माधव राज मौर्य प्रधान जिगिनिया छत्रपाल सिंह राधेश्याम यादव आनन्द दास जायसवाल पप्पू जायसवाल कई सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# सीएचसी कैसरगंज में तैनात डॉक्टर मरीजों से करते हैं धन उगाही

### पीड़ित अजमल ने लगाया गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार/फैजान

कैसरगंज, बहराइच। समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज में तैनात डॉक्टर मसूद आलम मरीजों से करते हैं। धन उगाही ये आरोप लगाते हुए अजमल पुत्र अकरम निवासी महाराजगंज ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के अधीक्षक डॉ एनके सिंह से शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित अजमल ने बताया की मेरे पिता अकरम मेरे साथ बीते 5 जनवरी को बरखुरद्दारापुर ननिहाल आए हुए थे जहां पर मेरे खालू के लड़के इमरान व गोलू से मारपीट हो गया था जिसमे मेरे पिता अकरम को गंभीर चोटे आई थीं। जिसका मुकदमा कैसरगंज थाने में दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा बेहोसी की हालत में रात्रि लगभग 9बजे डॉक्टरी परीक्षण हेतु कैसरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां पर अमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मसूद आलम ने मरीज के पुत्र अजमल से 2500 रुपए की मांग की। अजमल ने उधार पैसे लाकर बड़े विनती के साथ 1000 रुपए डॉक्टर साहब को दिया। तब जाकर डॉक्टर साहब ने मरीज का इलाज करना शुरू किया। पूरे पैसे न पाने के कारण डॉक्टर ने रिपोर्ट में पूरी चोटे नही दर्शाई और जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज भेजा गया अब इलाज करा कर पीड़ित घर वापस आया तब 14 जनवरी को पीड़ित ने मुख्य चिकित्साधिकारी से फोन पर शिकायत की। इसके बाद लिखित प्रार्थनापत्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के अधीक्षक को देकर जांच करके उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

***सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के अधीक्षक ने बताया कि शिकायती प्रार्थना पत्र मिला है जांच के लिए चार डॉक्टरों की टीम गठित कर दी गई है। रिपोर्ट मिलने पर अगर दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।***

## प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। फखरपुर ब्लॉक के कोठंवल काला में स्थित बाबा कुट्टी मेला स्थान पर ग्राम प्रधान ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में चल रहे कायाकल्प के पश्चात मंगलवार को मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना के लिए हवन पूजन हुआ। तत्पश्चात मौजूद पुजारी ग्रामीणों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। मूर्ति के साथ साथ ग्रामीणों ने प्रभात फेरी की। कोठवल कला पहाडापुर परसेंडी समेत विभिन्न गांव का भ्रमण कर माता के जयकारों से डीजे बाजे पर जमकर भक्त नाचते गाते हुए कुट्टी मेला स्थान पर पहुँचे जहां कीर्तन भजन कर लोगो ने आशीर्वाद लिया। ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे मन्दिर के जीर्णोद्धार की लोग जमकर तारीफ करते नजर आए। इस मौके पर वृजेन्द्र सिंह



अभिषेख शुक्ला पुजारी बाबा कन्हैया लाल दुर्गा बक्स सिंह, स्यामनाथ सिंह अवध नरेश सिंह पुल्लु, कोइली सुकई समाई पप्पू सिंह राकेस वर्मा मुकेस गौतम हुकुम सिंह कप्तान सिंह मिथुन सिंह आदि मौजूद रहे।

# गोंडा बहराइच बॉर्डर पर जोरदार चेकिंग अभियान जारी

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्दे नजर शासन प्रशासन बिल्कुल चौक चौबन्द नजर आ रहा है। इसी के क्रम में मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र कुमार गौड़, पुलिस फोर्स के द्वारा थाना हुजूरपुर के अंतर्गत भग्गड़वा पुलिस चौकी के समीप जगदीशपुर मोड पर चेकिंग सेंटर बनाया गया जिससे गोंडा जिले में दाखिल होने वाले यात्रियों की सघन तलाशी चेकिंग अभियान पूरी सुरक्षा नियमानुसार तरीके से की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकार कैसरगंज ने बताया कि चेकिंग पूरी तरीके से शांति कुशल तरीके से किया जा रहा है। किसी से कोई गलत व्यवहार नहीं किया जा रहा है। चेकिंग का कार्य हमारे पुलिस के जवान बहुत ही कायदे से बस, रोडवेज और दो पहिया वाहन आदि जितने भी बहराइच से गोंडा व गोंडा से अयोध्या जाने वाले की सघन तलाशी अभियान कायदे से की जा रही है। शांति व्यवस्था कायम है, किसी तरीके के कोई परेशानी राम भक्तों को नहीं होने दी जाएगी।

## एसएसबी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के तत्वाधान में ग्राम घुमनाभारु में मानव चिकित्सा शिविर ( ओपीडी ) का आयोजन कैलाश चन्द रमोला कमांडेंट 59 वाहिनी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें डा0 आकिब अजाज ( जीडीएमओ ) द्वारा 27 ग्रामीणों का चिकित्सीय जांच कर चिकित्सीय टीम द्वारा निःशुल्क दवाई वितरण की गई। इस शिविर आयोजन के तहत ग्राम घुमनाभारु के सैकड़ो ग्रामीण लाभान्वित हुए। इस अवसर पर डॉ आकिब अजाज ( जीडीएमओ ) के द्वारा भीषण ठंड एवं शीतलहर के मौसम में फैल रही विभिन्न संक्रमण बीमारियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक एवं साफ सुथरा रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक ( सा ) सुग्रीव प्रसाद, ग्राम प्रधान के साथ अन्य बल कार्मिक उपस्थित रहे।

## एसएसबी मुख्यालय में समन्वय बैठक का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच।59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा स्थित अगैय्या मुख्यालय पर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा, 26 जनवरी की संवेदनशीलता तथा भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए कैलाशचंद रमोला कमांडेंट 59वाहिनी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के साथ सयुक्त समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे भारत नेपाल से आने जाने वाले लोगो पर कड़ी नजर रखने,सीमावर्ती क्षेत्र में संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान, गस्ती और प्रचालन गतिविधियों को बढ़ाने के विषय में चर्चा की गई। इस मौके पर शक्तिसिंह ठाकुर द्वितीय कमान अधिकारी 59वी वाहिनी, राज रंजन द्वितीय कमान अधिकारी 42वी वाहिनी, पार्थसार्थी रॉय उप कमांडेंट 42वो वाहिनी,दिलीप कुमार 42वी वाहिनी, गौतम शर्मा सहायक कमांडेंट 59वी वाहिनी, पवित्र मोहन त्रिपाठी ( सहायक पुलिस अधीक्षक ) क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय उपस्थित रहे।

## तहसीलदार कैसरगंज का कंबल बांटने का सिलसिला जारी

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। तहसीलदार कैसरगंज का कंबल बांटने का सिलसिला कई दिनों से लगातार जारी है। भयानक शीत लहर का प्रकोप जारी है, इसके मद्देनजर तहसील कैसरगंज में तैनात तहसीलदार अजय कुमार यादव रात के अंधेरे में निकलकर गरीब जरूरतमंद असहाय लोगों को कंबल बांटने का काम करते हैं। जब इस भयानक सर्दी में लोग अपने बिस्तर में सो जाते हैं तब तहसीलदार कैसरगंज ठंड की वजह से कराह रहे लोगों की तलाश करके कंबल बांटने का सिलसिला शुरू करते हैं। इस कार्य के चलते वह क्षेत्र के तमाम गरीब लोगों की दुआएं भी खूब ले रहे हैं।

## खिचड़ी सहभोज व स्वच्छता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### हमारी सनातन संस्कृति का प्रतीक है मकर संक्रांति का पर्व: डॉ आनंद गौड़

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। मकर संक्रांति के अवसर पर नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख के परमहंस कुटी स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर खिचड़ी सहभोज व स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह के बाबागंज परमहंस कुटी स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी सहभोज व स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश ने किया। संचालन प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि डॉ आनंद गौड़ ने कहा की मकर संक्रांति का पर्व हमारी सनातन संस्कृति का प्रतीक पर्व है। उन्होंने आगे कहा की भाजपा सरकार गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि चेयरमैन रूपईडीहा डॉ उमाशंकर वैश्य ने कहा की खिचड़ी पर्व आपस मे समभाव उत्पन्न करने व भावनात्मक जुड़ाव का त्यौहार है। यह पर्व हमें आहार, आचार, विचार मे सादगी और स्वच्छता का भी सन्देश देता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त क्षेत्रवासियों व स्थानीय पत्रकारों को डायरी पेन व अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा, मेला कमेटी अध्यक्ष बाबादीन वर्मा, कोतवाल रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह, दस्तगीर, राजेश सिंह, सुरेन्द्र शुक्ला, दिनेश कुमार सिंह, रामकुमार शर्मा, दिनेश त्रिपाठी, नरेंद्र बहादुर सिंह, अरविन्द शुक्ला, बद्री सिंह, काली प्रसाद गुप्ता, दिनेश त्रिपाठी, बिजय तिवारी, संजय वर्मा, डॉ रतन अग्रवाल, देवेंद्र पाठक, प्रधान आशीष पाण्डेय, पंकज आर्या, पिंटू गुप्ता, गब्बर, रिंकू सिंह आदि मौजूद रहे।

# सुलतानपुर में डीएम-एसपी ने हाथ में उठाया झाडू

### विधायकों ने पौराणिक सीताकुंड घाट से किया स्वच्छता का आह्वान, बोले– चरण पादुका यात्रा के स्वागत को तैयार

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में रामपथ गमन मार्ग पर चरण पादुका यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी विधायक और प्रशासनिक अधिकारी एक मंच पर आए हैं। सीताकुंड घाट से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए घर-घर को स्वच्छ बनाने का संदेश जारी किया गया है। डीएम ने आह्वान किया है कि चरण पादुका कार्यक्रम सकुशल संपन्न हो, इसके लिए सभी को सकारात्मक रूप से एक मंच पर आने की जरूरत है। भगवान श्री राम के राम पथ गमन के दौरान सीता कुंड घाट पर श्री राम माता सीता और लक्ष्मण जी का ठहरा हुआ था। सीताकुंड घाट आज भी उनकी याद का प्रतीक बना हुआ है। शहर विधायक एवं पूर्व पर्यटन मंत्री विनोद सिंह, जयसिंहपुर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, सांसद मेनका गांधी के प्रतिनिधि रंजीत कुमार की मौजूदगी में डीएम कृतिका ज्योत्सना, एसपी सोमेन वर्मा, सीडीओ अंकुर कौशिक के साथ पहुंचे। जहां पर गोमती मित्र मंडल समेत अन्य संगठनों के सहयोग से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों की भी भूमिका देखने को मिली। डीएम कृतिका ज्योत्सना ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में एक भव्य कार्यक्रम होना है। इसी को लेकर पूरे जिले में एक विशेष सफाई अभियान आज से शुरू किया गया है। हमने सारे ऑफिसर्स को निर्देश दिए हैं कि वे अपने ऑफिस की भी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। डीएम ने बताया कि सभी प्रधान और जनप्रतिनिधियों से भी अपील की गई कि साफ-सफाई का अपने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने बताया कि हम इसे 26 जनवरी तक चलाएंगे।

# पैदल यात्रा कर मिल्कीपुर पहुंचे गुजरात के भव्य पटेल

- रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में होंगे शामिल, बोले– अयोध्या चलने को हनुमान जी सपने में आए थे

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पिछले 43 दिनों से गुजरात के भव्य भाई पटेल की पैदल यात्रा जारी है। इस भीषण ठंड की परवाह न करते हुए भगवान श्री राम के प्रति भव्य पटेल की आस्था देखते ही बनती है। क्योंकि 1350 किलोमीटर की पैदल यात्रा करना आसान बात नहीं है। अहमदाबाद जिले के साणंद तहसील क्षेत्र के गोदावी गांव के 19 वर्षीय युवक भव्य पटेल पुत्र सुरेश भाई पटेल 2 दिसंबर 2023 से पैदल यात्रा पर निकले हैं। 43वें दिन पैदल यात्रा करते हुए अयोध्या जिले की सीमा नगर पंचायत कुमारगंज पहुंचे। खण्डासा मोड़ पर सैकड़ों राम भक्तों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान भव्य पटेल ने कहा कि मैं गुजरात से चला तो 51 दिन की पैदल यात्रा के साथ यह भी लक्ष्य लेकर चला कि रास्ते में जितने गांव, शहर, सिटी के लोग मुझसे मिलने आते हैं। उन सभी लोगों को कहना चाहता हूं कि विश्व के सभी हिंदू एक हो जाओ। हमारा हिंदू सनातन धर्म बहुत बड़ा है। लेकिन जाति में लोगों बटे हुए हैं।

# अम्बेडकरनगर में स्वास्थ्य सेवाओं को किया गया एलर्ट

### जिला अस्पताल में आरक्षित किए गए 20 बेड 15 जनवरी से 15 फरवरी तक रद्द की गई

अमन लेखनी समाचार



अम्बेडकरनगर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए अम्बेडकरनगर का स्वास्थ्य महकमा एलर्ट मोड में आ गया है। प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए जिला अस्पताल में 20 बेड आरक्षित किये गए है। साथ ही यहां तैनात सभी 25 चिकित्सकों की छुट्टी 15 जनवरी से 15 फरवरी तक रद्द कर दी गई है। इसके साथ सभी सीएचसी व पीएचसी में भी चिकित्सा सुविधा को अलर्ट मोड में कर दिया गया है। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए जिले का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड में आ गया है। किसी भी विशेष परिस्थिति के लिए जिला अस्पताल में 20 विशेष बेड आरक्षित किये गए है, जिसमे 10 बेड सामान्य वार्ड में। जबकि 10 बेड प्राइवेट वार्ड में आरक्षित कर दिए गए। अस्पताल में तैनात सभी 25 चिकित्सकों को 15 जनवरी से 15 फरवरी तक जिला मुख्यालय न छोड़ने का निर्देश दिया गया है। सीएमएस डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि इस अवधि में संबंधित चिकित्सकों के अवकाश को रद कर दिया गया है। सभी चिकित्सक इस अवधि में ऑन कॉल ड्यूटी पर रहेंगे। वीआईपी के लिए दो सीएलएस एंबुलेंस लगेगी।

# सुल्तानपुर में सिखों ने हर्षोल्लास से मनाया लोहड़ी का त्योहार

- लोहड़ी जलाकर किया प्रसाद का वितरण, गुरुद्वारा में भजन–कीर्तन के साथ गाए गए खुशी के गीत

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सिखों का महत्वपूर्ण त्योहार लोहड़ी हर्षोल्लास से मनाया गया। पर्व पर पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा में विविध कार्यक्रम हुए। भजन-कीर्तन के साथ खुशी के गीत गाए गए। सैकड़ों लोगों ने लोहड़ी जलाई व प्रसाद वितरित किया। लोहड़ी का पर्व सिख समुदाय के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। बीते वर्ष में जिन परिवारों में शादी, पुत्र-पौत्र की प्राप्ति होती है वे लोहड़ी के दिन ज्यादा खुशी मनाते हैं। पूरा समाज उनकी खुशियों में शामिल होता है। दिन भर बच्चे-बच्चियां सभी के घरों से लोहड़ी मांगते हैं। दिन भर गुरुद्वारे में विविध आयोजन हुए। गुरुद्वारे को कार्यक्रम के तहत पहले से साफ-सुथरा किया गया था।

गुरुद्वारे में अखंड साहिब पाठ, आरती के बाद ज्ञानी कुलदीप सिंह के रागी जत्थे ने सिख परंपरा के अनुसार गुरुवाणी का कीर्तन किया। यहां जमा हुए लोगों ने एक दूसरे को लोहड़ी की बधाई व मकर संक्रांति के अवसर पर स्नान-दान की शुरूआत की। सिखों के साथ अन्य समुदायों के लोग भी लोहड़ी की खुशी में शामिल हुए। शहर के सिख समुदाय ने समृद्धि और संपन्नता का पर्व लोहड़ी धूमधाम से मनाया। इस मौके पर पंजाबी कालोनी स्थित गुरुद्वारे में लोहड़ी जलाई गई और गुड़, तिल व लावा अर्पित किया गया।

# संक्षेप

## सोनभद्र में दो बीघा जमीन के लिए हुई कार्रवाई

### उप जिलाधिकारी के आदेश पर तहसीलदार ने दिलाया कब्जा, फसलों पर चलाया गया था ट्रैक्टर

सोनभद्र, सोनभद्र के कोन कस्बा के कोन देवाटन मार्ग पर स्थित फसल लगा लगभग दो बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। उप जिलाधिकारी ओबरा के आदेश पर शनिवार की देर शाम को तहसीलदार ओबरा अंजनी गुप्ता व राजस्व टीम समेत भारी संख्या मे पुलिस पीएसी फोर्स मौके पर पहुंच कर राजस्व टीम द्वारा जमीन की पैमाइश कराई। ट्रैक्टर से जुताई कर कब्जा दिलाया गया। पहले से जमीन पर काबिज लोगों ने बताया कि हम लोगों पूर्वजों के समय से खेतीपाती कर रहे थे। हम फसल बो रहे थे। जिस जमीन का हाईकोर्ट मे मुकदमा भी विचाराधीन होना बताया गया। हालांकि, कुछ वर्ष पहले ही उक्त जमीन का बैनामा सावित्री पत्नी तेजबली शर्मा ने दुसरे पक्ष से ले लिया था। उसे कब्जा को लेकर उप जिलाधिकारी ओबरा से कब्जा कराने की गुहार लगा रही थी। उप जिलाधिकारी ओबरा के आदेश 21 नवम्बर 2023 के अनुपालन मे शनिवार को तहसीलदार ओबरा अंजनी गुप्ता समेत भारी संख्या मे पुलिस पीएसी फोर्स मौके पर पहुंच उक्त जमीन को खाली कराकर कब्जा दिलाया। इस मौके पर मुख्य रूप से तहसीलदार ओबरा अंजनी गुप्ता, एसएसआई रविंद्र प्रसाद, ओमकार राय, क्षेत्रीय लेखपाल, तेजबली शर्मा समेत भारी संख्या मे पुलिस व पीएसी व बाहरी फोर्स मौजूद रही।

## सोनभद्र में अज्ञात वाहन के धक्के से व्यक्ति की मौत

### बस से उतर कर अपने ससुराल जा रहा था युवक, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

सोनभद, सोनभद्र के घोरावल कोतवाली क्षेत्र के खरुआव ग्राम में बीती शुक्रवार रात अज्ञात वाहन के धक्के से 33 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए शनिवार को उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया. प्राप्त सूचना के अनुसार हेमंत कुमार पुत्र राम जी निवासी ग्राम मानपुर थाना रावर्टसगंज शुक्रवार की शाम रावर्टसगंज से खरुआव ब्लॉक के पास घर से चावल लेकर बस से उतर कर वह अपने ससुराल जा रहा था कि घोरावल रावर्टसगंज मार्ग पर देर रात 9:00 बजे के लगभग अज्ञात वाहन के धक्के से गंभीर रूप से जख्मी हो गया, उसके सिर में गंभीर रूप से चोट लग गई थी तथा ब्लडिग हो रही थी।सूचना मिलने पर एसआई अजय पांडेय मौके पर पहुंचे। सरकारी एंबुलेंस से घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए लाया गया लेकिन चिकित्सको ने देखकर मृत घोषित कर दिया जिससे कोहराम मच गया। मृतक अपने ससुराल में ही रह रहा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि मृतक की दुर्घटना में मौत हुई है

# किसी भी दशा में बख्शे न जाएं जबरन जमीन कब्जाने वाले : मुख्यमंत्री

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनी 150 लोगों की समस्याएं

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सीएम योगी मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। कुछ लोगों ने भू माफिया द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भू माफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

# दहेज में 50 हजार रुपए की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

अमन लेखनी समाचार



सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के टिकरिया निवासी एक युवती की शादी खजुराकला थाना मेहदावल जिला संतकबीर नगर हुई थी। शादी के बाद ससुराल वाले 50 रुपए दहेज की मांग करने लगे थे। मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति सहित ससुराल के छः लोगो पर केस दर्ज कर लिया है ।मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के टिकरिया निवासी नरेंद्र विश्वकर्मा ने अपनी पुत्री सुनैना विश्वकर्मा की शादी 6 जून 2021 को ज्ञानदास शर्मा निवासी खजुराकला थाना मेहदावाल जिला संतकबीर नगर के साथ किया था। शादी उपहार के रूप में 50 हजार नकद, बाइक, गहने सहित अन्य सामान दिया गया था। ससुराल आने के बाद लोग 50 हजार रुपए की और मांग करने लगे। मायके लोगो ने असमर्थता जाहिर किया। इसके बाद पति सहित ससुराल के लोग प्रताड़ित करने के साथ मारने पीटने लगे। जिसकी वजह से मायके आ गई। समझौता होने के बाद 28 अप्रैल 2022 को ससुराल गई। 10 जुलाई को फिर मारा पीटा गया।9 जनवरी 2024 को पति ने मारपीट कर मायके के गांव के बाहर छोड़ कर चला गया। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई आदेश पर पुलिस ने पति ज्ञानदास शर्मा,ससुर हरिहर शर्मा,जेठ रामदास,जेठानी गीता देवी,सास राधिका,जेठ लाल बहादुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# भाजपा सरकार ने योजनाओं को लाभ पात्र तक पहुंचाया - डा आरडी

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। केंद्र व प्रदेश सरकार की सरकार ने सरकारी योजनाओं को पात्र तक पहुंचाने का कार्य किया है ।जिसका लाभ समाज के हर पात्र व्यक्तियों मिल रहा है। भाजपा सरकार में किसानो को सम्मान निधि,किसान बीमा,महिलाओ को निःशुल्क उज्वला गैस सिलेंडर, पीएम और सीएम आवास, स्वास्थ्य बीमा,आयुष्मान कार्ड, सहित अनेक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। इसके अलावा वृद्धा,विधवा,विकलांग पेंशन, सहित अनेक योजनाएं संचालित है। उक्त बातें जिला महामंत्री डा आरडी सिंह ने सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत भीमापार में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रकाश शुक्ल तथा संचालन राममणि उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओ की गोद भराई भी किया गया। इस दौरान जिलामंत्री राम उजागिर शुक्ल, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ल पूर्व प्रधान श्रीप्रकाश शुक्ल ग्राम सचिव लोकेश राना,मनीष तिवारी प्रधान श्याम सुंदर,रविंद्र तिवारी सहित अनेक लोग मौजूद थे।



# निज नैनन देखन चहों रघुपति कर अभिषेक -- स्वामी आत्मानंद सरस्वती

**कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती को पहुंचा प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समेत बीजेपी के दिग्गज नेता प्राण प्रतिष्ठा में होंगे मौजूद**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। आगामी 22 जनवरी को भारत वर्ष की अयोध्या नगरी में विश्व का इतिहास रचने वाला कार्यक्रम मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन सुनिश्चित किया गया जिसके सापेक्ष जनपद समेत प्रदेश तथा अन्य प्रदेश विदेश तक के संत महात्मा एवं राजनेता शिरकत प्रदान करेंगे प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र फतेहपुर जनपद की पुण्यमयी धरा धाम बुढन्दा गांव में अवतरित हुए छत्तीसगढ़ राज्य के अतिथि संत कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य आत्मानंद सरस्वती को भेजा गया मिली जानकारी के अनुसार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए भव्य कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भारतीय जनता पार्टी के लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज नेता भी शामिल हो सकते हैं इसके साथ-साथ खेल जगत उद्योग जगत एवं टेलीविजन इंडस्ट्रीज समेत कई देशों के आगंतुक संत एवं राजनेता शिरकत प्रदान करेंगे सहर्ष आमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए विश्व हिंदू जागरण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मनिष्ठ कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होना उनका परम सौभाग्य है वही राष्ट्र को संदेश देते हुए उन्होंने कहा अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को रामलला विराजमान होंगे जहां विश्व ही नहीं अपितु ईश्वर की कृपा से त्रैलोक की राजधानी अयोध्या बनने जा रही है यह एक ऐसी राजधानी होगी जहां से बैठकर भगवान श्री राम संपूर्ण विश्व का नियंत्रित करेंगे इस कार्य के लिए हिंदू समाज के लाखों पूर्वज कार्य सेवक एवं लाखों की संख्या में संतों ने बलिदान दे दिया जिसका प्रतिफल 22 जनवरी को हम सभी को प्राप्त हो रहा है।

# विधायक ने साफ सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार



सहजनवा,गोरखपुर। सहजनवा नगर पंचायत स्थित काली मंदिर एवं बगहा बाबा परिषद कालेसर स्वच्छता अभियान चलाकर क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने साफ किया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आज सहजनवां नगर पंचायत स्थित काली मंदिर एवं बगहा बाबा परिषद कलेसर स्वच्छता अभियान चलाकर क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने साफ सफाई किया। इस अवसर पर भारतीय जानता पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल गुप्ता ज ब्लाक प्रमुख पिपरौली दिलीप यादव गौरव गुप्ता मनोज जयसवाल सुनील निगम नीरज उपाध्याय एवं कार्यकर्ता पदाधिकारी गण सम्मानित जनता उपस्थित रहे।

# मेरठ में भक्त बनकर मूर्ति चुराने वाला पकड़ा

**आईजी ऑफिस के पास मंदिर में की थी चोरी, सीसीटीवी कैद हुई थी वारदात**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मां बगलामुखी मंदिर से माता रानी की अष्टधातु की मूर्ति चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर चोर तक पहुंची। चोर मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से माता की मूर्ति को बरामद कर लिया है। वहीं चोर को लेकर थाने आई है। उससे पूछताछ हो रही है। बता दें कि मेरठ में शनिवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मंदिर से एक चोर ने माता जी की मूर्ति को चुरा लिया था। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने बताया कि शोभित पुत्र अशोक नौचंदी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। एक दवा दुकान पर काम करता है। वो चोरी के इरादे से ही मंदिर में आया था। इसलिए उसने मूर्ति चुराई।

# जलती हुई अंगीठी का धुआं बना मौत का कारण

**अंगीठी जलाकर सो रहे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत, दो गम्भीर**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के मलवां थाना क्षेत्र में सौरा औद्योगिक इलाके के बीएल मेटल कंपनी में मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया।

जहाँ एक बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे चार मजदूरों में दो की दम घुटने से मौत हो गयी, वही दो मजदूरों की हालत गंभीर बनी हुई है। चारों सोमवार की रात को कमरे में आग जलाकर सो गए थे।

मिली जानकारी के अनुसार कमलेश, ओमप्रकाश निवासी लालगंज जिला रायबरेली व शिवकुमार उर्फ लाला एवं गोरेलाल निवासीगण जनपद मिर्जापुर मजदूरी करते थे, रात को सोते वक्त अंगीठी के धुएं से बनी गैस से सभी का दम घुटने लगा। चारों को सुबह अन्य मजदूरों ने खिड़की तोड़कर बाहर निकाला। उनके साथ में काम करने वालों ने बताया कि जब सुबह हम लोग आए तो कमरे से खांसी की आवाज आ रही थी, किसी तरह से खिड़की को तोड़कर देखा कि कमरे में धुंआ ही धुंआ था।

मौके पर जहाँ शिवकुमार एवं गोरेलाल दो मजदूर को मृत पाया गया।

वही शेष दो मजदूरों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया, जहाँ उनकी हालत गंभीर देखते हुए हैलट कानपुर के लिए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस बल पहुंचा और मृत दोनों मजदूरों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा व घायल दो मजदूरों को अस्पताल भिजवा कर सभी के परिजनों को सूचना दी।

# ड्यूटी पर जा रहे संविदा लाइनमैन को पीटा छः पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। ड्यूटी पर जा रहे छोटी सरौली थाना कोतवाली जिला संतकबीर नगर निवासी संविदा लाइनमैन को पुरानी रंजिश को लेकर छः की संख्या में मनबढ मारपीट कर घायल कर दिए थे। पुलिस छः आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से शुभम सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी सरौली थाना कोतवाली जिला संतकबीर नगर जो बिजली विभाग में संविदा कर्मी है। वह सहजनवा स्थित शिवपुर कालोनी वार्ड 10 अपने रिश्तेदार के यहां रुका था। अगले दिन सुबह 8 बजे वह ड्यूटी पर जा रहा था। सरैया रहीमाबाद के पास आरोपियों ने उसे लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मारुति नंदन सिंह,जितेंद्र सिंह,राम मिलन सिंह,माया सिंह,चंद्रकला सिंह चार व पांच अज्ञात के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।




# करोड़ों के भ्रष्टाचार में नपे चीफ फार्मासिस्ट

**पद से हटाकर सहारनपुर मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया, सीबीआई कर रही जांच**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, करोड़ों रुपए के दवाई घोटाले में शासन ने जिला फार्मासिस्ट अधिकारी पर गाज गिराई है। शासन की तरफ से उन्हें जिले के चीफ फार्मासिस्ट अधिकारी पद से हटाकर सहारनपुर मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। इसके साथ ही उनके खिलाफ शासन स्तर से जांच भी बैठा दी गई है। जिला फार्मासिस्ट अधिकारी डॉ जगदीश पाल तेवतिया सीबीआई जांच में फंसे हुए हैं। उनके खिलाफ एनारएचम घोटाले में शासन स्तर से जांच चल रही है। इस घोटाले में भी उनकी संलिप्तता सामने आई थी। मामले में कई सीएमओ स्तर के अधिकारियों के खिलाफ भी जांच चल रही है। बुलंदशहर के जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह का कहना है कि जिला फार्मासिस्ट अधिकारी डॉ जगदीश पाल तेवतिया को उनके पद से हटाकर सहारनपुर मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है।

उनके खिलाफ जांच की जा रही है। इससे पहले भी उनके खिलाफ सीबीआई जांच चल रही है।

# चोरी के समान के साथ अंतर्जनपदीय चोर हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के औंग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रशासन ने मुखबिर की सटीक सूचना पाकर चेकिंग अभियान के चलते गांव खदरा अंडरपास के समीप से तीन अभियुक्तों को धर दबोचा तलाशी लेने पर अभियुक्तों के पास प्लास्टिक की बोरी में गला हुआ बैटरी का रांगा बरामद हुआ कड़ाई से पूछताछ युवक से की गई जहां उसने अपने अन्य दो साथियों की मिली भगत से चोरी की घटना को अंजाम देने की बात बताई अभियुक्त से पूछताछ करते हुए अन्य कई जगहों पर हुई चोरियों की घटना का भी प्रशासन ने अनावरण किया मिली जानकारी के अनुसार उपर्युक्त अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व काल में भी जनपद के अलग-अलग स्थान पर कई मुकदमे पंजीकृत हैं प्रशासन ने अभियुक्त के पास 17 अदद बैटरी तीन अदद पावर केवल एक अदल फीडर केबल 36 बैटरी कैप दो अदद बैटरी चार्जर 12 अदद बैटरी पत्ती बैटरी कनेक्टर पत्ती समेत अन्य सामग्री तथा 5.565 किलोग्राम रांगा बरामद हुआ पकड़े गए अभियुक्त नजदीकी जनपद कानपुर नगर के बताए गए जिन्होंने अपना नाम कमल किशोर पुत्र चिंताप्रसाद रैदास अर्जुन पुत्र स्वर्गीय कन्हैया रैदास विवेक उर्फ रजत गुप्ता पुत्र रवि गुप्ता निवासी जनपद कानपुर के रूप में बताया सभी अभियुक्तों पर कार्यवाही की गई तथा पकड़े गए अभियुक्त को तत्काल जेल भेजा गया स्वाट टीम एवं स्थानीय थाना औंग प्रशासन ने एक सराहनीय कार्य किया इस कार्य में स्थानीय थाना प्रभारी निरीक्षक कांती सिंह उप निरीक्षक समयनाथ तिवारी रमाशंकर पटेल हरिनाथ सिंह आरक्षी हरेश कुमार चालक विवेक कुमार तथा स्वाट टीम के उपनिरीक्षक रंजीत बहादुर सिंह मुख्य आरक्षी अनिल सिंह शैलेंद्र कुमार अतुल त्रिपाठी विपिन कुमार मिश्रा इंद्रजीत राहुल फूलचंद इंद्रवीर सिंह आदि मौजूद रहे

# मेरठ के पल्लवपुरम थाने का एडीजी ने किया औचक

**खामियां मिलने पर थानेदार पर जताई नाराजगी, बोले- लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ थानों में मठाधीश थानेदारों द्वारा पीड़ितों की सुनवाई न होने के चलते एडीजी ने मोर्चा संभाल लिया है। एडीजी डीके ठाकुर पल्लवपुरम थाने का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां की व्यवस्था को देखकर अचंभित रह गए। जिसके बाद एडीजी ने थानेदार को जमकर लताड़ लगाते हुए नाराजगी भी जताई। एडीजी ध्रुव कुमार सिंह के निरीक्षण के दौरान पल्लवपुरम थाने में महिला हेल्प डेस्क और साइबर डेस्क की जिम्मेदारी एक महिला कांस्टेबल पर मिली। इसके बाद एडीजी डीके ठाकुर ने महिला कांस्टेबल को बुलाने का आदेश दिया तो जानकारी मिली कि महिला कांस्टेबल इतनी बड़ी जिम्मेदारी होने के बाद भी छुट्टी पर हैं। तभी एडीजी ने थाना प्रभारी से अपराध रजिस्टर मंगाया और उसमें खामियां देखकर थाना प्रभारी से जानकारी ली तो थाना प्रभारी एडीजी के सवालों का संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए। जिसके बाद एडीजी डीके ठाकुर ने थाना प्रभारी से सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए तुरंत सुधार करने का आदेश दिया है। एडीजी ध्रुव कुमार सिंह ने बताया कि थानों में सुधार और थानों में आने वाले पीड़ित की सुनवाई के लिए सभी थानेदारों को सख्त आदेश दिए गए हैं।

## संक्षेप

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत सुरक्षा हेतु अपर एसपी ने किया कस्बे का भ्रमण

**अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित**

भरुआ, सुमेरपुर। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने सोमवार को देर रात कस्बे का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार को देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने सीओ सदर राजेश कमल व थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज के साथ कस्बे के मुख्य बाजार सहित सभी प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने थानाध्यक्ष को सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर आरके यादव, कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार त्रिपाठी आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### भव्य शोभायात्रा के साथ बाला जी मूर्ति का शुरू हुआ पूजन

**22 जनवरी को इटरा आश्रम में होगी प्राण प्रतिष्ठा**

**अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित**

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरवा बुजुर्ग में आगामी 22 जनवरी को इटरा के बजरंगबली आश्रम में होने वाली बालाजी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व मंगलवार को गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। चन्द्रपुरवा बुजुर्ग निवासी राजू सिंह इटरा के बजरंगबली आश्रम में श्री बालाजी महाराज का मंदिर बनवाकर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर रहे हैं। मंगलवार को गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बुधवार को पूजन कार्यक्रम प्रारंभ होगा और शनिवार तक चलेगा। रविवार को मूर्ति का गांव भ्रमण कराया जाएगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत विशाल भंडारा होगा। शोभायात्रा में इटरा आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद महाराज उर्फ बलराम बाबा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र पाल, मधु सिंह, मनमोहन सिंह, राजू सिंह, भूरी सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### प्रांतीय सचिव का सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

हमीरपुर। समाजवादी पार्टी की प्रांतीय कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाए जाने के बाद मुख्यालय आए पूर्व चेयरमैन का सपाइयों ने सपा कार्यालय में जोरदार जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि उनके प्रांतीय सचिव बनने से पार्टी को पूरे प्रदेश में मजबूती मिलेगी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने हमीरपुर के पूर्व चेयरमैन मुन्नीलाल निषाद को प्रदेश सचिव नामित किया है। मंगलवार को पार्टी कार्यालय आने पर सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इनके प्रांतीय सचिव बनने से पूरे प्रदेश में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष राजबहादुर पाल, नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण यादव, सोनिया सोनी, रामप्रकाश प्रजापति, सुरेंद्र यादव, नीरज कश्यप, रणबहादुर यादव, रामप्रकाश यादव, गोपाल वर्मा, सलीम खान, गया प्रसाद अनुरागी, ज्ञानी यादव, परशुराम प्रजापति आदि सपाई मौजूद रहे।

# 23 वां अन्तर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का बभनी में हुआ आगाज

**उद्घाटन मैच में जूनियर क्रिकेट क्लब त्रिशुली ने एम्बिसन क्रिकेट क्लब आश्रम मोड़ को 5 विकेट से हराया।**

**मैन ऑफ द मैच चुने गए प्रेमलाल।**

**अमन लेखनी समाचार**

बभनी सोनभद्र। बभनी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में बभनी में 23 वां अन्तर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का मंगलवार को आगाज हो गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजन सिंह (ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बभनी) द्वारा फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उद्घाटन मैच जूनियर क्रिकेट क्लब त्रिशुली छत्तीसगढ़ बनाम एम्बिसन क्रिकेट क्लब आश्रम मोड़ के मध्य किया गया। टास जूनियर क्रिकेट क्लब त्रिशुली के कैप्टन ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एंबीशन क्रिकेट क्लब आश्रम मोड़ ने 12 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पे 140 बनाकर 141 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं जूनियर क्रिकेट क्लब त्रिशुली ने 11.3 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पे 141 रन बनाकर उद्घाटन मैच जीत लिया। आपको बताते चलें कि आश्रम मोड़ के तरफ से शुभम 22 गेंद पे 4 छक्के और 6 चौके के मदद से 54 रन, इबरार 11 गेंद पे 7 छक्के के मदद से सर्वाधिक 43 रन बनाए, वहीं जूनियर क्रिकेट क्लब त्रिशुली के तरफ से गणेश, राजदेव, विशाल 2-2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए जूनियर क्रिकेट क्लब त्रिशुल ने 11.3 ओवर में 5 विकेट क्या नुकसान पे 141 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। त्रिशुली के ओर से प्रेमलाल के 31 गेंद पर 8 छक्के व 3 चौके की सहायता से 70 रनों की धमाकेदार नाबाद पारी, व विशाल 13 गेंद पर 19 रन की सहायता से लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। एम्बिसन क्रिकेट क्लब आश्रम मोड़ के तरफ से सौरभ राय और सूरज 2-2 विकेट और सुभम 1 विकेट प्राप्त किया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रेमलाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अम्पायरिंग उपेन्द्र रवानी और सम्सुद्दीन, स्कोरर अतुल शर्मा सचीन, कमेंट्रेटर शकीर अख़्तर, अरविंद शर्मा, रवि रैनाने किया। इस दौरान बभनी क्रिकेट क्लब कमेटी के पदाधिकारी वरिष्ठ संरक्षक जय प्रकाश जायसवाल, समाज सेवी कन्हैयालाल गुप्ता, संरक्षक मोबीन, सुहैल अंसारी, अध्यक्ष डा. हीरालाल, उपाध्यक्ष मिथलेश गुप्ता, व्यवस्थापक जमील अंसारी, डा० इम्तियाज, बभनी सदर असलम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## केक काटकर मनाया गया एमआरएफ सेंटर का संचालन दिवस

सोनभद्र - सरकार की ओर से स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत नगर पंचायत चोपन में एमआरएफ सेंटर का वर्ष 2021 में निर्माण कराया गया था। जिसके तहत यहां सर्वप्रथम घर-घर से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करके यहां रिसाइकिलिंग कर खाद बनाई जाती है। कार्य भी प्रारंभ करा दिया गया है जो सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है।

# आईडीए अभियान को लेकर एएनएम को किया गया प्रशिक्षित

**पेशेंट प्लेटफॉर्म आईडीए अभियान में स्वास्थ्य विभाग का करेगा सहयोग**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन(आईडीए) अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत फाइलेरियारोधी दवा आइवरमेक्टिन, डाईइथाईल कार्बामजीन, एल्बेंडाजोल (आईडीए) खिलाई जाएगी इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र(सीएचसी) सरोजिनी नगर में एएनएम को प्रशिक्षण देने के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी हृषिकेश ने उपस्थित एएनएम से कहा कि आप लोग प्रथम पंक्ति की स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं इस नाते आईडीए अभियान में आपकी भूमिका अहम है अभियान में दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमारी से पीड़ित को छोड़कर सभी को दवा खिलानी है आप इस बात का प्रयास करें कि कोई भी दवा खाने से वंचित न रह जाए इसके लिए आप लोग समुदाय को जागरूक करें समुदाय में लोगों को बताएं कि फाइलेरिया का कोई उपचार नही है इससे बचने के लिए फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करना ही एकमात्र उपाय है यदि वह दवा नहीं खाते हैं तो फाइलेरिया से ग्रसित होने पर जीवन भर दिव्यांग हो सकते हैं जो कि बहुत कष्टदायक होगो इसलिए फाइलेरियारोधी दवा खाएं और फाइलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारी से बचें इस मौके पर बीपीएम स्वराज मोहन यादव ने बताया कि किसी को भी फाइलेरियारोधी दवा खाने के लिए नहीं देनी है अपने सामने ही दवा खिलाना है दवा खाली पेट नहीं खानी है स्वयंसेवी संस्था पाथ के डा. अनंत ने बताया कि लोगों को इस बात की जानकारी जरूर दें कि दवा खाने के बाद कुछ लोगों में उल्टी, चक्कर, जी मितलाना जैसी समस्यायें हो सकती है लेकिन इनसे घबराना नहीं है इसका मतलब यह है कि व्यक्ति में फाइलेरिया के परजीवी हैं दवा खाने के बाद फाइलेरिया के परजीवियों के मरने के परिणाम स्वरूप यह प्रतिक्रिया होती है जो कि कुछ समय बाद ठीक हो जाती है यदि लोगों को इस बात की जानकारी होगी तो वह मानसिक रूप से तैयार रहेंगे सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) के प्रतिनिधि सर्वेश ने बताया कि सीफॉर द्वारा पेशेंट प्लेटफॉर्म बनाया जा रहा है जो आईडीए अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करवाने में स्वास्थ्य कार्यकताओं का सहयोग करेंगे इस मौके पर बीसीपीएम प्रशांत श्रीवास्तव, एआरओ शेशराम यादव, यूनिसेफ की बीएमसी, और प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे

# 1100 दीपों से जगमग होगा रामलीला मैदान

**रामलीला मैदान से निकाली जाएगी शोभा यात्रा।**

**अमन लेखनी समाचार**

डाला सोनभद्र। मंगलवार शाम साढ़े तीन बजे नगर के रामलीला मैदान में अयोध्या धाम मंदिर में होने वाले मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सोमवार को नगर पंचायत क्षेत्र के बाजार स्थित रामलीला मैदान में विधिवत पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा के साथ महोत्स मनाई जायेगी जहा शाम को डाला नगर के रामलीला मैदान को 1100 दीपों से जगमगाया जायेगा। 22 जनवरी दिन सोमवार को अयोध्या धाम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के दिन स्थानीय बाजार के रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम को लेकर रामलीला सेवा समिति के अध्यक्ष हनुमान सिंह व दूर्गा पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह पटेल गुड्डू की अध्यक्षता में रामलीला मैदान परिसर में एक बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सुबह नौ बजे रामलीला मंच पर रामदरबार की पूजा अर्चना कर भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रारंभ होगा। इसके बाद अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा जाएगा। दोपहर बाद एक बजे रथ पर राम, लक्ष्मण, भरत ,शत्रुघ्न, व वानरी सेना के रूप में सजे -धजे छोटे छोटे बच्चों को विराजमान कर शोभायात्रा निकाली जाएगी।शोभा यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर बाजार भ्रमण करते हुए बस स्टैंड, अचलेश्वर मंदिर होते हुए पुनः रामलीला मैदान में हलुआ, पूड़ी का प्रसाद वितरित कर समापन किया जाएगा। लोगों ने शोभा यात्रा में महिला, पुरुष, बच्चों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, सुधीर सिंह, दिनेश जैन, अंशु पटेल, गोबिंद भारद्वाज राकेश शर्मा, राकेश जायसवाल, राजकुमार , मनोज चौरसिया राकेश राय, आदि लोग मौजूद रहे।

# विंध्याचल धाम पहुंचे कथा वाचक मानस महाराज ने प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कहीं बड़ी बात

**अमन लेखनी समाचार**

मिजार्पुर - मिजार्पुर जनपद के मां विंध्यवासिनी के धाम में भागवत कथा करने आए मानस महाराज ने प्रेस वार्ता के जरिए अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बड़ी बात कही उन्होंने कहा की शंकराचार्यों का मांग बिल्कुल सही है भाजपा सरकार को इस विषय पर सोचना चाहिए विचार विमर्श करना चाहिए सनातन धर्म के चार स्तंभ है हर स्तंभ के लिए शंकराचार्यों को रखा गया है जिसका जो स्थान है उसको वह स्थान देना चाहिए राम मंदिर बन रहा है इसके पीछे सनातन धर्म के संत महात्माओं का हाथ है उनका बलिदान है उन्होंने अपने खून से एक-एक ईट को जोड़ा है कहीं ना कहीं उनके बलिदान हम छोड़ रहे हैं उनको दरकिनार कर रहे हैं मुझे राम मंदिर बनने की अत्यंत प्रसन्नता है कहीं ना कहीं यह बात खटक रही है हमारा देश सनातन धर्म का देश है इस ऋषि परंपरा के देश में एक देवता की स्थापना हो रही है इसमें धमार्चार्य को ऋषि महात्माओं को ऋषियों में जिन्हें सर्वप्रथम गिनती की जाती है शंकराचार्य उन शंकराचार्य को दरकिनार करके कहीं ना कहीं भाजपा कहीं ना कहीं अपने सत्ता की रोटी सेक रही है भले ही रोटी सेक यह मुद्दा बना दे कि भाजपा ने मंदिर बनवाया है लेकिन भाजपा का मंदिर मुद्दा नहीं था भाजपा ने इसके पीछे मेहनत किया इसके लिए वह धन्यवाद और साधुवाद के पात्र हैं शिलान्यास मोदी जी के हाथों हो रहा है इसका अत्यंत दुख है यह स्थान शंकराचार्य का है सनातन धर्म के सर्वोच्च व्यक्ति जब उसमें शामिल नहीं रहेंगे उसे मंदिर की स्थापना की पूजा की प्रकल्प कहीं ना कहीं अधूरे रह जाएंगे जीवन परयंत शंकराचार्यों के मन में भी कचोटता रहेगा देश को भी यह बात खटकती रहेगी भारत सरकार से अनुरोध है शंकराचार्य की जो मांग है उनके बातों को सोचकर समझ के भले उनके हाथों से प्राण प्रतिष्ठा ना हो यदि वह उसे कार्यक्रम में सम्मिलित नही होते हैं तो जान लीजिए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अधूरी है और जीवन पर्यंतक अधूरी रहेगी शंकराचार्य जी ने स्वयं बयान दिया है राम मंदिर की स्थापन प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो और राजनीतिक स्तर का व्यक्ति जिसकी श्रेणी केवल भारत है राजनीतिक स्तर केवल भारत है यह विश्व का नेतृत्व करते होंगे लेकिन भगवान का नेतृत्व करना साधारण नहीं है मैं यह कहता हूं कि यदि शंकराचार्य जी से योग्य है मोदी जी तो मोदी जी करे राम मंदिर की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा में वह प्रमुख यजमान बने यदि वह शंकराचार्य जी योग्य नहीं है तो उनको यह अधिकार नहीं है आदिगुरु शंकराचार्य ने चार पीठों की स्थापना की धर्म अर्थ काम मोक्ष चारों पीठों में उन्होंने एक-एक शंकराचार्य बनाया जिनका धर्म का स्तंभ कहा गया वह चार स्तंभ ही नहीं आ रहे हैं तो धर्म की पूर्ति कहां हो रही है सनातन धर्म का आना कहां हो रहा है राम देश के ही नहीं अभी तू ब्रह्मांड के हैं जब राम का नाम लेते हैं अखिल ब्रह्मांड नायक जगत पिता जगदीश्वर मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम कहते हैं राम के लिए ही जिसका जीवन समर्पित हो उसी को यह अधिकार मिलना चाहिए किसी और को नहीं जिसके लिए जो स्थान है उसके लिए वह स्थान रहे यही उचित है।

# समाज सेवी अनुज शुक्ला द्वारा वितरण कराया गया सैकड़ों कम्बल

**साहित्यकार एवं पत्रकार रहे बतौर अतिथि उपस्थित।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जनपद के घोरावल तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खिरिहटा में मंगलवार को सोन साहित्य संगम के तत्वावधान एवं हर -हर महादेव सेवा समिति के आयोजक त्वमें जनपद के वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्था के निदेशक मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी और चाचा जी के ७६वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर मुख्य अतिथि के हैसियत से राष्ट्रीय कवि सम्मेलनों की ख्याति कवित्री डॉक्टर रचना तिवारी जहां उपस्थित रहीं, वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के संयोजक राकेश शरण मिश्र ने किया। इस दौरान मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना गीतकार दिवाकर द्विवेदी ने प्रस्तुत कर गंवई से जुड़े वातावरण को गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी सम्मानित मंचासीन अतिथियों कोआयोजक समाजसेवी अनुज शुक्ला द्वारा माल्यार्पण कर अंग वस्त्र ओढ़ा कर सम्मान किया गया।इस मौके पर मीडिया फोरम ऑफ इंडिया न्यास के जिला अध्यक्ष सर्वेश श्रीवास्तव, आइडियल इंडिया न जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार नगर बतौर विशिष्ट अतिथि जहां उपस्थित रहे। वहीं, खिरिहटा ग्राम पंचायत के सैकड़ों ग्रामवासी इसके साक्षी बने। कंबल वितरण कार्यक्रम में पीड़ितों को राहत पहुंचाने का कार्य किया गया।इस मौके पर पत्रकारिता के क्षेत्र में जुड़कर समाज की समस्याओं को उजागर करने वाले पत्रकारों को अंग वस्त्र,कलम, डायरी एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही डॉक्टर रचना तिवारी, दिवाकर द्विवेदी, अरुण कुमार पांडे द्वारा सामयिक कविताएं सुनाई गयी। कार्यक्रम के अंत में गंवई के सैकड़ों बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषों को इस कड़ाके की ठंड से बचने हेतु समाज सेवी अनुज शुक्ला द्वारा कंबल वितरण कराया गया।

# सहकार भारती ने मनाया स्थापना दिवस

**ललितपुर क्रय विक्रय साधन सरकारी समिति में आयोजित कार्य क्रम के मुख्य अतिथि रहे धर्मेन्द्र गोस्वामी**

**अमन लेखनी समाचार**




ललितपुर/सहकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले संगठन सहकार भारती अपना 46 वां स्थापना दिवस पूरे देश में जोर-शोर से मना रही है वहीं ललितपुर जिला मुख्यालय स्थित क्रय विक्रय साधन सहकारी समिति में ललितपुर जिला इकाई द्वारा आयोजित सहकार भारती संगठन द्वारा 46 में स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरूआत संगठन संस्थापक लक्ष्मण राव इनामदार जी एवं भारत माता की चित्र पर माला पहना एवं पुष्प अर्पित कर शुरूआत की गई एसएचजी प्रमुख मात्र शक्ति राजकुमारी द्वारा सहकार गीत गाकर सहकार भारती संगठन के उद्देश्यो पर ध्यान आकर्षण कराया संचलन कर रहे सुरेन्द्र पस्तोर जिला संपर्क प्रमुख द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी का परिचय करा मंचाशीन अतिथियों को संगठन पर अपने अपने विचार रखने हेतु आग्रह किया सर्व प्रथम जिला महिला प्रमुख नीलाम सोनी द्वारा अपने वक्तव्य में संगठन को मजबूत और सक्रियता से विस्तार हेतु विचार रखा वहीं प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरपाल सिंह चंदेल द्वारा संगठन के उद्देश्य को पुरानी संस्कृति में किसी भी कार्य को सफल बनाने में व्यक्ति विषेश के अलावा उस कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे लोगों द्वारा सहयोग कर सफल आयोजन को ही सहकारिता का महत्त्व बता बेटी की शादी में आने वाले समस्त रिश्तेदारों और परिवार के लोगों किए गए कार्य में बेटी के पिता को मालूम नहीं चला और खुशी खुशी बेटी का विवाह सम्पन्न होना सहकारिता है वहीं कार्य क्रम में मुख्य अतिथि क्रय विक्रय साधन सहकारी समिति सभापति प्रतिनिधि एवम संस्कृतिक बोर्ड के सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी द्वारा संगठन के बारे में विस्तार से बताया सहकार भारती संगठन की स्थापना देश के यशश्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी के गुरु स्वर्गीय लक्ष्मण राव इनामदार जी ने 11जनवरी 1978को गुजरात में की तब से आज आज तक संगठन सहकारिता के क्षेत्र में आगे बड़ कर कार्य कर रहा है जिसकी कार्य करणी समस्त देश के सभी जिलों में गठित एक विशाल बट वृक्ष के विस्तार कर रहा है सहकारिता से जोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना ही सहकारिता की भावना है वहीं मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया खुद के द्वारा कमाया गया धन पर खुद अधिकार जताना सहकार नहीं अपने द्वारा समाज के आखरी पायेदान पर खड़े व्यक्ति को मदद करना सहकारिता है इस मौके पर संगठन के विस्तार हेतू कनई सिंह सेंगर को नगर संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई सभी ने माला पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर जिला महिला प्रमुख नीलाम सोनी, एसएचजी प्रमुख राजकुमारी बुंदेला, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वरी सोनी, दीप्ति राजे, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरपाल सिंह चंदेल, श्रम प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक बृजेश गुप्ता जिला महामंत्री अनमोल पाठक एफपीओ जिला संयोजक कुंज बिहारी शर्मा, क्रय विक्रय साधन साधन सहकारी समिति संचालक सदस्य आशीष कौशिक, रमेश कुशवाहा, रेखा पाल, इंजीनियर हाकिम सिंह, सुदामा प्रसाद दुबे,कनई सिंह सेंगर, मथुरा प्रसाद सोनी, प्रिंस पाल, सुरेन्द्र पस्तोर जिला संपर्क प्रमुख,गुलशन कुमार गुप्ता, नरेंद्र कुमार सिंह, कोशल चंद्र, राहुल कुशवाहा, रामरतन राय जिला कार्य करणी सदस्य, मोहर सिंह, रेखा पाल सिंह, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे जिला अध्यक्ष धर्म सिंह कुशवाहा ने कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों का आभार जताया तो वहीं संगठन प्रमुख विभूति भूषण चौरसिया ने समापन मंत्र के कार्य क्रम को समापन किया ।

# तीन लोगो के खिलाफ जमीन में कब्जा करने की तहरीर

**अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह**

कुरारा, हमीरपुर ।कस्बा कुरारा निवासी महिला ने तीन लोगो के खिलाफ जमीन में कब्जा करने की तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कस्बा कुरारा के रामलीला मैदान निवासी महिला श्रीमती आशा गुप्ता पत्नी संजय गुप्ता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के झलोखर गांव में मेरी कृषि भूमि है। जिसमे गांव निवासी हेतराम, मनीष, कामता, पुत्रगण बिंदा दीन ने गाटा संख्या 192 में अवैध रूप से कब्जा कर लिया है ।जो की छोड़ नही रहे हैं। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## दुकान में हुई चोरी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

कुरारा, हमीरपुर। कस्बा कुरारा के वार्ड तीन निवासी ने लकड़ी की गुमटी में रखी दुकान से चोरी होने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। कस्बा के वार्ड तीन निवासी देशराज पुत्र नत्थू ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रात मकान के पास लकड़ी की गुमटी में रखी दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने एक टूटी चांदी की तोडिया,दुकान में रखे गुटखा, बिस्किट आदि सहित नकद पंद्रह सौ रुपए नकद चोरी करके ले गए हैं। घटना की जानकारी सुबह हो सकी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

# सदर विधायक ने वितरित किया छात्राओं को स्मार्टफोन

**अमन लेखनी समाचार**



सिसोलर, हमीरपुर। किशनू बाबू शिवहरे महाविद्यालय मे सदर विधायक डा मनोज प्रजापति ने छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये, कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे बोलते हुये विधायक ने कहा कि प्रान्त तथा केन्द्र सरकार की यह एक महत्वपूर्ण तकनीकी योजना, जिसका एक मात्र उद्देश्य युवाओं कोतकनीकी दृष्टि से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना, उन्होंने ने छात्र छात्राओं को नमो एप के बारे मे विस्तार से अवगत कराया, विधायक ने कहा कि इस एप से जुडने के युवाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी होगी, साथ ही प्रधानमंत्री महोदय से भी आप लोग मुखातिब हो सकते हैं, महाविद्यालय के प्राचार्य डा भवानीदीन ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि युवाओं को डा मनोज प्रजापति जैसे स्वस्थ राजनीति वाले युवा विधायक से प्रेरणा लेनी चाहिए, आज के डिजिटल भारत मे तकनीक बडा महत्व है, कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राध्यापकों मे डा श्याम नरायन ,डा लालता प्रसाद, अखिलेश सोनी, आरती गुप्ता, प्रत्यूष त्रिपाठी, देवेन्द्र त्रिपाठी, प्रदीप यादव,गनेश शिवहरे और राजकुमार गुप्ता, भाजपा के कई नेता शामिल रहे, संचालन डा रमाकांत पाल ने किया।

# मोबाइल में गेम खेलने के बाद छात्र फंदे में झूला, हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के बांकी गांव में सोमवार को देर शाम मोबाइल में गेम खेलने के बाद कक्षा 11वीं के छात्र ने फंदा लगा लिया। फंदे पर झूलता देखकर परिजनों ने इसको इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। बांकी गांव निवासी लेखराम साहू का पुत्र नितिन साहू 17 वर्ष कस्बे के एक कालेज में कक्षा ग्यारह में पढ़ता था। तीन भाइयों में यह दूसरे नंबर का था। सोमवार की शाम यह मोबाइल पर गेम खेलता रहा। इसके बाद इसने घर पर ही फंदा लगा लिया। फंदे पर झूलता देखकर परिजन इसको फंदे से उतारकर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से



परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक छात्र के पिता लेखराम साहू ने बताया कि यह शाम को मोबाइल पर गेम खेल रहा था। वह पत्नी के साथ दूसरे घर में पिता के पास चला गया था। तभी इसने फंदा लगा लिया। जब वह वापस आएं तो उसको फंदे में लटकता पाया। यह घटना को क्यों अंजाम दिया उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि वह कस्बे के एक कालेज में कक्षा 11 का छात्र था।

# ग्राम प्रधान ने गरीब असहाय लोगों को कंबल किए वितरण



**अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह**

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के सरसई गांव में भीषण सर्दी के चलते ग्राम प्रधान ने गरीब असहाय लोगों को कंबल का वितरण किया। क्षेत्र के सरसई गांव में ग्राम प्रधान द्वारा गरीब व असहाय लोगो को सर्दी से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि रामबाबू, पंचायत मित्र, आदि मौजूद रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



# निगेटिव किरदार में नजर आएंगे रितेश...

**मुंबई।** अजय देवगन स्टारर फिल्म 'रेड 2' में एक्टर रितेश देशमुख खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। राजकुमार गुप्ता निर्देशित और भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित, 'रेड 2' में रितेश देशमुख निगेटिव किरदार में होंगे। रितेश देशमुख पहली बार सिल्वर स्क्रीन पर अजय के खिलाफ होंगे। फिल्म की शूटिंग पिछले हफ्ते मुंबई में शुरू हुई और इसे मुंबई, दिल्ली, उप्र और राजस्थान में बड़े पैमाने पर फिल्माया जाएगा। 'रेड 2' का निर्माण भूषण कुमार , कुमार मंगत , अभिषेक और कृष्ण कुमार ने किया है।

लाइफ Style

# उर्वशी

## झूमते हुए गिरी, हुईं ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की इकलौती ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो अपने काम से कम और ऊटपटांग वजहों से ज्यादा सुर्खियां बटोरती हैं। कभी अपनी बॉयफ्रेंड की वजह से तो कभी अपने सेल्फ लव को लेकर वो लोगों का ध्यान खींच लेती हैं।

पूरा देश अब उन्हें अटेंशन सीकर बुलाने लगा है। दरअसल, उर्वशी रौतेला कई बार ऐसी हरकतें कर चुकी हैं कि अब वो अक्सर ट्रोलर्स के निशाने पर बनी रहती हैं। ऐसे में अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसके बाद वो अब बुरी तरह से ट्रोल हो रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स ने एक्ट्रेस पर नशे में होने का आरोप लगा दिया है। इतना ही नहीं उर्वशी के साथ-साथ उनके माता-पिता भी सोशल मीडिया पर लोगों के गुस्से का शिकार हो गए हैं। ये वीडियो एक पार्टी का है लेकिन इसमें ऐसा क्या है, जिसके वायरल होने के बाद उर्वशी रौतेला अब इतनी चर्चा में आ गई हैं चलिए जानते हैं। इस वीडियो को देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे। दरअसल, इसमें एक्ट्रेस बुरी तरह से लड़खड़ाती हुई नजर आ रही हैं। उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है जैसे उन्होंने काफी पी रखी है। अपनी मम्मी के बर्थडे पर वो याच में पार्टी कर रही हैं। उनके पापा भी साथ में झूम रहे हैं। अचानक ही उर्वशी डांस करते-करते गिर जाती हैं फिर उनसे उठा नहीं जाता। उर्वशी की मां उन्हें उठाने की कोशिश करती हैं। हालांकि, कुछ वक्त लेने के बाद वो खुद से उठती हैं और फिर से झूमने लगती हैं।



हॉलीवुड मसाला




# इंस्टाग्राम पर वापस लौटीं...

**लॉस एंजेलिस।** सेलेना गोमेज सोशल मीडिया पर वापस आ गई हैं। सिंगर और एक्ट्रेस द्वारा कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक लेने की योजना की घोषणा करने के एक दिन बाद, उन्होंने शेफ गॉर्डन रामसे के साथ एक कोलेबोरेटिव कूकिंग वीडियो को बढ़ावा देने के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। रिपोर्ट के अनुसार, गोमेज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर क्लिप के साथ लिखा, गॉर्डन रामसे ने मेरी रसोई में कदम रखा और मुझे बताया कि एक अद्भुत नाश्ता बर्गर कैसे बनाया जाता है।



# निकोल ने अवॉर्ड शो में किया अकेला महसूस...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस निकोल किडमैन ने 2002 में ऑस्कर जीतने वाली रात अपने होटल के कमरे में अकेले खाना खाया था। उन्होंने सफल करियर के बावजूद अपने पर्सनल लाइफ में होने वाले 'स्ट्रगल' को याद किया। निकोल ने 2002 में ड्रामा फिल्म 'द आवर्स' में अपनी भूमिका के लिए ऑस्कर जीता था। उस वक्त वह टॉम क्रूज से तलाक लिए जाने को लेकर सुर्खियों में थी। एक्ट्रेस ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उस वक्त उन्होंने अवॉर्ड शो के बाद बहुत अकेला महसूस किया और अपने होटल वापस जाने का विकल्प चुना था। डेव कार्गर की आने वाली किताब '50 ऑस्कर नाइट्स' के एक अंश में उन्होंने कहा, मैं अपनी पर्सनल लाइफ में काफी चीजों से जूझ रही थे।



# कंगना ने खोला मिस्ट्री मैन का राज...

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की वजह से अक्सर ही सुर्खियों में छाई रहती हैं। हाल ही में मुंबई के सैलून के बाहर एक्ट्रेस को मिस्ट्री मैन के साथ स्पॉट किया गया था। उसके बाद से ऐसी अफवाहें उड़ रही थी कि कंगना की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हो गई है। अब क्वीन एक्ट्रेस ने बेबाक होकर सच बताया है। कंगना ने मिस्ट्री मैन की सच्चाई बताते हुए अपनी डेटिंग रूमर्स पर फुल स्टॉप लगा दिया है। एक्ट्रेस ने कहा कि वो साथ में काम करने वाले भाई-बहन, वर्क फ्रेंड्स और कभी-कभी सालों से फ्रेंडली क्लाइंट के साथ एक बेहतरीन हेयर स्टाइलिस्ट भी हो सकते हैं। इसके साथ ही क्लीयर हो गया है कि कंगना के साथ दिखाई देने वाला मिस्ट्री मैन कोई और नहीं बल्कि अदाकारा का हेयर स्टाइलिस्ट हैं।



# वरुण करेंगे एटली की फिल्म में काम

**मुंबई।** जवान के डायरेक्टर एटली अगली फिल्म वरुण धवन के साथ करेंगे। मकर संक्रांति और पोंगल के मौके पर उन्होंने इसे कंफर्म किया है। हालांकि वह फिल्म को डायरेक्टर नहीं करेंगे बल्कि वह अपनी नई फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। शूटिंग के लिए हाल ही में पूजा हुई। मुहूर्त शॉट भी इसी दिन किया गया। एटली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें पूजा और मुहूर्त शॉट की एक झलक दिखाई गई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वामिका गब्बी मुख्य भूमिका निभाएंगी। एटली ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, कृपया इस प्रोजेक्ट को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दें। यह हमारे दिल के बहुत करीब है। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'टाइटल का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।'

# सान्या के लोहड़ी सेलिब्रेशन में जबर्दस्त डांस से फैंस हैरान...

**मुंबई।** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा के घर लोहड़ी की धूम देखने को मिली। खुशी के पल को साझा करने के लिए अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो और फोटोज शेयर किए हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस ने जलती लोहड़ी के सामने जमकर भांगड़ा किया। लुक की बात करे तो उन्होंने ब्लू कलर का सलवार-सूट पहना था। अभिनेत्री ने अपने बाला का जूड़े बनाया हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने हाथों में मैचिंग चूड़ियां भी पहनी हुई थीं। आखिरी वीडियो में वह अपने फिटनेस ट्रेनर के साथ भांगड़ा करती नजर आईं। उनके जबर्दस्त डॉस को देखकर फैंस हैरान है और कमेंट कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो सान्या सैम बहादुर में विक्की कौशल की पत्नी सिलू मानेकशॉ का रोल निभाती नजर आ रही थी, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।



# इंटीमेट सीन की हो ठोस वजह : कोंकणा



**मुंबई।** एनिमल को लेकर लोग अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिल्म में कई सीन को महिला विरोधी बताया गया। अब इस पर कोंकणा सेन ने अपनी राय दी है। कोंकणा ने कहा कि उन्हें स्क्रीन पर हिंसा दिखाने पर कोई दिक्कत नहीं है लेकिन इसके पीछे कोई ठोस वजह होनी चाहिए। यही बात इंटीमेट सीन पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा, फिल्म में इसके होने का कोई कारण होना चाहिए। चाहे वह किरदारों से जुड़ा हो या किसी प्लॉट से जुड़ा हो। केवल एक बात है कि इस तरह का सीन क्यों है? डायरेक्टर की मंशा क्या है?

कोंकणा आगे कहती हैं, जहां तक मैं समझती हूं मुझसे गलती हो सकती है। मैंने एनिमल नहीं देखी है क्योंकि मुझे नहीं लगता है कि यह मेरी तरह की फिल्म है। रिव्यूज और अन्य चीजों से भी इसे देखने की मेरी इच्छा नहीं हुई। कोंकणा ने बताया कि डायरेक्टर के पहले के काम के बारे में उन्हें पता है और उन्होंने रिलेशनशिप में हिंसा दिखाने को लेकर अपना बचाव किया है लेकिन कोंकणा इसका सपोर्ट नहीं करतीं। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं लगता है मैं किसी भी तरह से उनकी टारगेट ऑडियंस हूं। लाखों लोग इसे देख रहे हैं इसलिए यह बहुत अच्छा चल रहा है और उन्हें मेरी जरूरत नहीं है।

# 'मैरी क्रिसमस' ने पकड़ी रफ्तार, दोगुना कलेक्शन...

**मुंबई।** 12 जनवरी को कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की 'मैरी क्रिसमस' ने सिनेमाघर में एंट्री मारी है। फिल्म की कहानी में दम है, लेकिन फिर भी ओपनिंग डे पर मूवी कुछ कमाल न कर सकी। फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन में उछाल आया है। बल्कि पहले दिन के कलेक्शन से डबल कमाई हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरी क्रिसमस ने 3.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। ऐसे में कूल कलेक्शन 6.05 करोड़ हो गया है। बात फिल्म की कहानी की करें तो कैटरीना ने मारिया को किरदार निभाया है। वहीं विजय सेतुपति ने अलबर्ट का रोल अदा किया है। दोनों की मैरिड लाइफ में पंगे हैं। जहां मारिया का पति उसे धोखा दे रहा होता है और एक दिन आत्महत्या कर लेता है। वहीं अलबर्ट ने भी अपनी पत्नी की हत्या कर दी होती है और 7 साल की जेल सी सजा काटकर आया होता है।



# एयरलाइन कंपनी पर लगाया टॉर्चर का आरोप



**मुंबई।** इश्कबाज फेम एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर एक एयरलाइन कंपनी पर गुस्सा निकाला है। हाल ही में, सुरभि को अपनी मां के लिए फ्लाइट के जरिए कुछ सामान भेजना था, लेकिन फ्लाइट डिले और स्टाफ के झूठे वादों से एक्ट्रेस इतना तंग आ गईं कि उन्होंने उस एयरलाइन कंपनी को सबसे बेकार बता दिया। यही नहीं, सुरभि ने कंपनी पर मेंटल टॉर्चर का आरोप लगाया। उनका कहना है कि स्टाफ ने उनके साथ बद्तमीजी की और जानकारी देने की बजाय झूठे वादे किए।

# 1933 ने देविका रानी पर फिल्माया था बॉलीवुड का पहला लंबा किसिंग सीन...

**मुंबई।** आज के समय में फिल्में हों या वेब सीरीज अभिनेत्रियां इंटीमेट सीन और लिपलॉक देने से कतराती नहीं हैं। कम ही ऐसी फिल्में होती हैं, जिनमें किसिंग सीन न फिल्माया गया हो। देखा जाए तो ये पब्लिक की डिमांड भी है, तभी तो इन सीनों का बोलबाला है। दीपिका पादुकोण हो या फिर आलिया भट्ट या बात हो मल्लिका शेरावत की सभी ने किसिंग सीन दे बड़े पर्दे पर आग ही लगा दी थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड का पहला और सबसे लंबा किसिंग सीन किसने दिया था। हालांकि इस सीन पर बाद में विवाद भी हुआ था।

## कब फिल्माया गया ये किसिंग सीन

फिल्मों में अक्सर किसिंग सीन आते रहते हैं, जो अब आम हो गए हैं। लेकिन अगर हम बात साल 1933 की फिल्म की करें जिसमें लिप लॉक किया गया था, तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि क्या हुआ होगा। बड़े पर्दे पर पहला और सबसे लंबा किसिंग सीन फिल्म कर्मा में फिल्माया गया था। ये मूवी साल 1933 में रिलीज हुई थी। किसिंग सीन



देने वाली एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि 'देविका रानी' थी। हालांकि उन्हें इस सीन को करने में कोई दिक्कत नहीं हुई क्योंकि एक्ट्रेस ने अपने पति हिमांशु राय के अपोजिट ही इस इंटीमेट सीन को किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये सीन 4 मिनट लंबा था, जिसने गदर मचा दिया था। हालांकि उस दौर में बोल्डनेस इतनी ज्यादा दिखाई नहीं देती थी। लेकिन देविका रानी ने अपनी अपार बोल्डनेस से तहलका मचा दिया था।

न सिर्फ किसिंग सीन बल्कि सिगरेट और शराब पीने में भी वो आगे थीं। एक्ट्रेस के गर्म मिजाज की वजह से उन्हें ड्रैगन लेडी का नाम भी दिया गया।